


हिन्दुस्तान एक्सप्रेस समूह

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

■ मध्यप्रदेश ■ राजस्थान ■ हरियाणा ■ छत्तीसगढ़ ■ महाराष्ट्र से प्रकाशित



डाक पंजीयन क्रं. 173/15-17 | 5 चौथी-तिमाही में मुनाफा 26 प्रतिशत घटकर | सम्पादकीय हमास और इजराइल के बीच जारी जंग | पेटीएम का चौथी-तिमाही में घाटा 228 प्रतिशत 5

वर्ष 10 अंक 365 E-mail: dholpur@hotmail.com फरीदाबाद, गुरूवार 23 मई 2024 ई-पेपर के लिए लॉगऑन करें -www.hindustanexpress.online मूल्य 2.00 रुपया, पृष्ठ 8







# सपा नेता टोंटी खोलने में निपुण: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

आर.एन.एस.

**श्रावस्ती।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को बस्ती और श्रावस्ती में चुनावी रैली को संबोधित किया। श्रावस्ती में पीएम ने कहा- मैं गरीब मां का बेटा हूं। किसी शाही खानदान से नहीं हूं। मुझे किसी के लिए कुछ कमाना नहीं है। सपा और कांग्रेस वाले आपके घर से पानी की टोंटी खोलकर ले जाएंगे। इसमें इनकी महारत है।



मोदी ने कहा- कल मैं एक वीडियो देख रहा था, जिसमें लोग भाग-भाग कर मंच पर चढ़ रहे थे। मैंने पूछा- ये हुड़दंग क्यों चल रहा है? तो बताया गया-सपा कांग्रेस वाले रैली में लोगों को लाने के लिए कॉन्ट्रैक्ट देते हैं, प्रति व्यक्ति पैसे देते हैं, लेकिन इन्होंने पैसा दिया नहीं, तो लोग भागकर मंच पर चढ़ गए। बस्ती में पीएम ने कहा- अब पाकिस्तान पस्त पड़ चुका है, लेकिन उसके हमदर्द सपा-कांग्रेस वाले भारत को डराने में जुटे हैं। ये हमें डराते हैं। इनको मालूम नहीं है कि 56 इंच क्या होता है। उन्होंने कहा- मैडम सोनिया ने अपने अध्यक्ष सीताराम केसरी को बाथरूम में बंद करवा दिया। फिर उठवाकर फुटपाथ पर फेंकवा दिया और रातोंरात खुद अध्यक्ष बन गईं। पीएम ने कहा- सपा-कांग्रेस के शहजादे दिन में सपने देखते हैं। पहले मैं ये बात सुना करता था। 4 जून को यूपी की जनता इनको नींद से जगाने वाली है। तब ये ठीकरा ईवीएम पर फोड़ेंगे।

# फिलिस्तीन को मान्यता देंगे आयरलैंड, नॉर्वे और स्पेन

**इजराइल नाराज, वापस बुलाए राजदूत**

**जेरूशेलम।** इजराइल-हमास जंग के बीच नॉर्वे, आयरलैंड और स्पेन ने औपचारिक रूप से फिलिस्तीन को मान्यता देने की घोषणा की है। ये देश अगले सप्ताह फिलिस्तीन को एक देश के रूप में मान्यता दे सकते हैं। इससे नाराज होकर इजराइल ने इन यूरोपीय देशों से अपने राजदूतों को वापस बुलाने का ऐलान किया है।

विदेश मंत्री इजराइल काट्ज ने इस फैसले पर नाराजगी जताते हुए कहा कि नॉर्वे, आयरलैंड जैसे देशों का फिलिस्तीन को मान्यता देना आतंकवाद को पुरस्कार देने जैसा है। उन्होंने कहा कि इजराइल अपनी संप्रभुता को कमजोर करने वालों के खिलाफ चुप नहीं बैठेगा। उन्होंने कहा कि स्पेन ने अगर फिलिस्तीन को मान्यता दी तो वे उचित कदम उठाएंगे। काट्ज ने ये भी कहा कि फिलिस्तीन को मान्यता देने का फैसला गाजा से बंधकों की वापसी और युद्धविराम की कोशिशों को नुकसान पहुंचा सकता है। उन्होंने कहा कि हम अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं।

# एसबीजीबीटी के आठवें स्थापना दिवस पर हुआ जिला स्तरीय सम्मान समागम का आयोजन

## विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली प्रतिभाओं का किया सम्मान










## डॉ. सत्यपाल सिंह मीना आईआरएस ने दोहराया बाड़ी को 'एजुकेशन हब' बनाने का संकल्प

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**बाड़ी/धौलपुर।** ग्रामीण क्षेत्रों में रचनात्मक कार्यों से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए कृत-संकल्पित सोच बदलो-गांव बदलो टीम का 8वां स्थापना दिवस उत्थान परिसर बाड़ी में मनाया गया। इस अवसर पर सोच बदलो-गांव बदलो टीम एवं अखिल भारतीय मीना समाज के सौजन्य से ज़िले की विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

सोच बदलो-गांव बदलो टीम की स्थापना 21 मई 2017 में ग्रामीण क्षेत्रों में जनचेतना यात्रा के साथ हुई। इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में समाजोत्थान के कार्यों में जन-भागीदारी सुनिश्चित करते हुए जन-जागरूकता, ग्रामीण क्षेत्रों में शैक्षिक उन्नयन एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रयास करना है। टीम संस्थागत रूप से लोगों में रक्तदान के प्रति फैली भ्रांतियों को दूर करने हेतु प्रतिवर्ष रक्तदान शिविर का आयोजन करती है; जिसमें युवा एवं महिलाएं बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। सोच बदलो-गांव बदलो अभियान के अंतर्गत यह टीम ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब एवं ज़रूरतमंद विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगी एवं बोर्ड परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग सुविधा उपलब्ध करा रही है। इसके लिए सरमथुरा में बहुउद्देशीय उत्थान भवन में उत्थान कोचिंग संस्थान के अतिरिक्त, उत्थान लाइब्रेरी एवं उत्थान आरएस सीआईटी कंप्यूटर क्लासेज का संचालन किया जा रहा है जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के सैकड़ों ज़रूरतमंद विद्यार्थी लाभान्वित हो रहे हैं।

उत्थान की संकल्पना को आगे बढ़ाते हुए सोच बदलो-गांव बदलो टीम के द्वारा बाड़ी के उत्थान परिसर में भी निःशुल्क कोचिंग सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इसके अतिरिक्त इस मुहिम में करौली एवं नादौती में भी निःशुल्क कोचिंग संस्थान संचालित हैं जो कि सोच बदलो-गांव बदलो अभियान की सफलता को इंगित करते हैं। ज्ञातव्य है कि सामाजिक सरोकारों से संबद्ध इस अभियान के जन्मदाता डॉ सत्यपाल सिंह मीना आईआरएस अधिकारी के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रों के सैकड़ों युवा 'पे बैक टू सोसायटी' के सिद्धांत पर कार्य करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

### एक दर्जन से अधिक श्रेणियों में समाज की प्रतिभाओं का किया गया सम्मान

टीम के कार्यकर्ता रामनरेश मीना ने बताया कि टीम के स्थापना दिवस दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित प्रतिभा सम्मान समागम में एक दर्जन से अधिक श्रेणियों में प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इन श्रेणियों में शैक्षिक सत्र 2022-23 के दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में 80 फ़ीसदी से अधिक अंक अर्जित करने वाले अभ्यर्थी, स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षाओं में 70 फ़ीसदी से अधिक अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थी, वर्ष 2023 में नीट, आईआईटी जेईई, जेआरएफ परीक्षाओं में चयनित विद्यार्थियों के अलावा वर्ष 2023 में विभिन्न सरकारी सेवाओं में चयनित सरकारी कर्मचारी एवं वर्ष 2023 में सरकारी सेवाओं से सेवानिवृत्ति प्राप्त गणमान्यजन भी सम्मानित किए गए। इस अवसर पर कृषि, पशुपालन एवं चिकित्सा आदि क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान के लिए प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया एवं विगत वर्ष 25 दिसंबर को एक सौ से अधिक गांवों में आयोजित शिक्षा पाओ-ज्ञान बढ़ाओ प्रतियोगिता के कक्षा छठवीं से 12 वीं तक के जिला स्तर पर सर्वश्रेष्ठ तीन-तीन प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया गया। विशाल प्रतिभा सम्मान समागम के आयोजन के लिए टीम की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन प्राप्त किए गए। लगभग छह सौ से अधिक प्राप्त ऑनलाइन आवेदनों के सत्यापन के बाद सम्मान समारोह के लिए पात्र अभ्यर्थियों को आमंत्रित किया गया।

सम्मान समारोह में सोच बदलो-गांव बदलो अभियान के प्रणेता आयकर आयुक्त डॉ सत्यपाल सिंह मीना ने संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही हमारे क्षेत्र और समाज का विकास संभव है। उन्होंने भविष्य की रूपरेखा खींचते हुए कहा कि आने वाले समय में बाड़ी को शिक्षा का केंद्र बनाया जाएगा, जिससे न केवल विद्यार्थियों को फ़ायदा मिलेगा बल्कि बाड़ी और उसके आसपास के लोगों के लिए भी रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे ।

इस अवसर पर यूपीएससी में चयनित लक्ष्मण मीना को टीम द्वारा सम्मानित किया गया। लक्ष्मण मीना ने विद्यार्थियों को मोटिवेट करते हुए जीवन में सकारात्मक बदलाव के प्रति अटूट विश्वास रखने एवं कठोर मेहनत करने का मूल मंत्र दिया। इस अवसर पर उत्थान कोचिंग में अध्ययनरत बालिकाओं ने टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि बालिका शिक्षा को बढ़ावा देकर ही समाज का भला किया जा सकता है। इस अवसर पर अखिल भारतीय मीना समाज धौलपुर के अध्यक्ष किशनसिंह सरपंच, महामंत्री कल्याण सिंह, महाराष्ट्र के औरंगाबाद से पधारे डॉ प्रियानंद अगड़े, विभिन्न विभागों में कार्यरत अधिकारी और कर्मचारी एवं हज़ारों की संख्या में विद्यार्थी एवं कार्यकताओं के अलावा महिलाएं और गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# कांग्रेस की गलतियों के कारण देश की सीमाएं असुरक्षित थीं, लेकिन अब दुश्मन डरता है : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**महाराजगंज, कुशीनगर, जौनपुर (उत्तरप्रदेश)** । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उत्तरप्रदेश की महाराजगंज लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी श्री पंकज चौधरी के समर्थन में नौतनवां, कुशीनगर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी श्री विजय कुमार दुबे के समर्थन में रामकोला, जौनपुर लोकसभा सीट के भाजपा प्रत्याशी श्री कृपाशंकर सिंह के समर्थन में जौनपुर में आयोजित जनसभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश, प्रदेशों में जो विकास हुआ है वह तो बाजार में नजर आ रहा है और जो भ्रष्टाचारी, गुंडे, बदमाश थे वे जेल में दिख रहे हैं। यह 21वीं सदी का भारत है और यहां पर लोकतंत्र है। किसी की भी तानाशाही नहीं चलेगी। देश की आजादी के बाद से कांग्रेस ने लगातार सनातन धर्म की जड़ों को काटने का प्रयास किया है। कांग्रेस 70 सालों तक भगवान श्रीराम पर ही प्रश्नचिन्ह लगाती रही, उनके होने का प्रमाण मांगती रही। कांग्रेस की गलतियों के कारण देश की चारों तरफ की सीमाएं असुरक्षित थीं,



लेकिन अब दुश्मन डरता है। देश के दुश्मनों को नेस्तनाबूद करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी का होना बेहद जरूरी है। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने बिहार के गया पहुंचकर स्थानीय कार्यक्रमों में भी हिस्सा लिया।

70 सालों तक कांग्रेस लगाती रही भगवान श्रीराम पर प्रश्नचिन्ह

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि 1947 में देश आजाद हुआ। उसी समय अयोध्या में भगवान श्रीराम का मंदिर बनना चाहिए था, लेकिन 70 सालों तक कांग्रेस भगवान श्रीराम के होने पर ही प्रश्नचिन्ह लगाती रही। उनके होने का प्रमाण मांगती रही। कांग्रेस के कारण भगवान श्रीराम 70 सालों तक टेंट में ही विराजमान रहे, लेकिन फिर देशवासियों ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी को मौका दिया और उन्होंने किए गए वादे के अनुरूप भगवान श्रीराम को उनके गर्भगृह में विराजमान कराया। अब श्रीराम अपने गर्भगृह में मुस्कुरा रहे हैं। कांग्रेस हमेशा से सनातन धर्म की जड़ों को काटने का कार्य करती रही। हिन्दू-मुसलमानों के बीच फूट डालकर अपनी राजनीतिक रोटी सेंकती रही। कांग्रेस की मानसिकता ही अंग्रेजों वाली रही है।

***20-25 परिवार ने ही कर रखा था पदों पर कब्जा***

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पूरे देश में 20-25 परिवार ऐसे हैं, जिन्होंने ही सारे पदों पर कब्जा कर रखा था। किसी दूसरे को अवसर नहीं मिलता है। यह लोकतंत्र पर एक तरह से कलंक है, इसका निपटारा होना जरूरी है। एक तरफ भाजपा सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास पर काम करती है।

# उन्नति और विकास का मार्ग कठिनाइयों के कंकरीले पथ से ही जाता है: स्वामी अवधेशानंद जी

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**हरिद्वार।** श्रीमत् परमहंस, परिव्राजकाचार्य, श्रोत्रिय, ब्रह्मनिष्ठ, जूनापीठाधीश्वर, आचार्य महामण्डलेश्वर, अनंत श्री विभूषित स्वामी अवधेशानंद गिरिजी महाराज ने कहा कि- प्रत्येक चुनौती और कठिनाइयों का विवेक और साहस के साथ सामना करें। हर चुनौती शारीरिक, मानसिक सामर्थ्य वृद्धि और विकास के नूतन अवसर लाती है।कठिन परिस्थितियों में भी सहज स्थिर और संतुलित रहने का प्रयास करें। शान्त, व्यवस्थित और अनुशासित मन लक्ष्य सिद्धि के लिए बड़ा साधन है। जीवन की हर नई चुनौती अपने साथ उचित अवसर, नई सम्भावनाएँ व विकास की विविध विधाएँ भी साथ लाती हैं। सूर्य द्वारा मेघों का आवरण-तिरोहण एवं अपनी अनन्त रश्मियों से पुनः प्रकाशित होना इस बात का द्योतक है कि संघर्ष और विषमताएँ जीवन का अवरोध नहीं, अपितु मानवीय सामर्थ्य को उजागर करने वाले साधन हैं। प्रत्येक परिस्थिति में धैर्य रखें। विपरीत परिस्थितियाँ मनुष्य के सोए हुए मनोबल को जगाती हैं और उसकी दृढ़ता में बढ़ोतरी करती हैं। जो विपत्तियों से घबराता है, वह निर्बल है। विपत्तियाँ हमें सावधान करती हैं, सजग बनाती हैं। उन्नति और विकास का मार्ग कठिनाइयों के कंकरीले पथ से ही जाता है। जो व्यक्ति जीवन में कठिनाइयों से घबराता है उसे उन्नति की आकाँक्षा नहीं करनी चाहिए। उन्नति का अर्थ ही ऊँचाई है, जिस पर चढ़ने के लिये अधिक परिश्रम करना पड़ता है। यदि जीवन में आत्मबल, धैर्य, साहस, पुरुषार्थ, विवेक और ईश्वर आश्रय हो तो हरेक परिस्थिति में विजय प्राप्त कर निरन्तर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ा जा सकता है। वास्तव में सफल वही है जो विषम परिस्थितियों और अड़चनों में भी



प्रसन्न रहे, स्वस्थ रहे, जीवन का संतुलन न खोए और अपने आदर्शों को न छोड़ें। एकाग्रता, प्रसन्नता व पवित्रतापूर्वक पुरूषार्थ करते हुए वर्तमान में जीना और हर परिस्थिति में समभाव रखना ही 'योग' है। अतीत का शोक, वर्तमान की आसक्ति और भविष्य के भय को त्याग कर पूर्णरूपेण कर्मशील व सात्विक जीवन ही हमारी सर्वोपरि प्राथमिकता होनी चाहिए, क्योंकि यही हमारे स्वास्थ्य का प्रमुख आधार बनेगी।

स्वामी श्री अवधेशानंद जी ने कहा कि - एक अनुशासित मन सुख की ओर जाता है और एक अनुशासनहीन मन दुःख की ओर ले जाता है। नियमित रूप से आत्म-अनुशासन और आत्म-नियंत्रण से आप चरित्र की महानता को विकसित कर सकते हैं। हमारे उत्थान की नींव के लिए हमारे भूतकाल, वर्तमान और भविष्य के बीच आपसी सम्बन्ध और निष्ठा आवश्यक है। कठिनाईयों के समय अपने लक्ष्यों का पीछा करना न छोड़ें। कठिनाईयों को अवसरों में बदले। यदि आप दृढ़ संकल्प और पूर्णता के साथ काम करते हैं, तो सफलता आपका पीछा करेगी। अवसर आपके चारों ओर हैं, इसलिए इन्हें पहचानिए और इनका लाभ उठाइए। बड़ा सोचिये, दूसरों से पहले सोचिये और जल्दी सोचिये, क्योंकि विचारों पर किसी एक का अधिकार नहीं है। राग और द्वेष से मुक्त बनकर समता भाव धारण करना चाहिए। जहाँ शंका होती है, वहाँ श्रद्धा नहीं होती। जहाँ श्रद्धा होती है, वहाँ शंका नहीं रह सकती। ईश्वर है या नही, हमने कभी देखा नही; इस प्रकार की शंकाएँ व्यक्ति की श्रद्धा को भ्रष्ट करती है। परमेश्वर परमात्मा को हृदय में धारण करना, हर पल उनका स्मरण करना, प्रतिदिन उनके दर्शन-पूजन करना, यह हमारी आर्य संस्कृति है। स्वामी जी ने कहा कि दिन और रात के समान सुख-दुःख का कालचक्र सदा घूमता ही रहता है। जैसे दिन के बाद रात्रि का आना अवश्यम्भावी है, वैसे ही सुख के बाद दुःख का भी आना अनिवार्य है। दुःख भी एक तरह की परीक्षा होती है। जैसे स्वर्ण अग्नि में तपकर अधिक सतेज बनता है, वैसे ही धैर्यवान मनुष्य विपत्तियों का साहस के साथ सामना करते हुए जीवन संग्राम में 'विजय' प्राप्त करते हैं।

# कलेक्टर ने अमरकंटक के सोनमुड़ा में निर्माणाधीन कैंटीलीवर ग्लास व्यू प्वॉइंट का किया निरीक्षण

## - कलेक्टर ने अमरकंटक में विभिन्न कार्यों का किया निरीक्षण तथा गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के दिए निर्देश

(ब्यूरो राजेश शिवहरे)

**अनूपपुर।** कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने मंगलवार को जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के अमरकंटक के भ्रमण के दौरान सोनमुड़ा में भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के 'प्रसाद योजना' के अंतर्गत निर्माणाधीन कैंटीलीवर ग्लास व्यू प्वॉइंट का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने कार्य के संबंध में चर्चा कर सहायक यंत्री पर्यटन विभाग से जानकारी प्राप्त की। इस दौरान कलेक्टर ने कार्य को समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान अधिकारियों ने कलेक्टर को बताया कि कैंटीलीवर ग्लास व्यू बन जाने से पर्यटन के क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा।

**कलेक्टर ने अमरकंटक के रामघाट में निर्माणाधीन सस्पेंशन ब्रिज कार्य का किया निरीक्षण**

कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के अमरकंटक के भ्रमण के दौरान रामघाट में भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के 'प्रसाद योजना' के अंतर्गत निर्माणाधीन सस्पेंशन ब्रिज कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने सस्पेंशन ब्रिज के संबंध में संबंधित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों ने कलेक्टर को बताया कि ब्रिज बन जाने से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा तथा दोनों तट जुड़ जाएंगे। उन्होंने बताया कि पर्यटकों को एक तट से दूसरे तट जाने के लिए परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा वह आसानी से ब्रिज के



माध्यम से जा सकेंगे। इस दौरान कलेक्टर ने सस्पेंशन ब्रिज के बारीकियां के संबंध में अधिकारी से जानकारी प्राप्त की।

**कलेक्टर ने अमरकंटक के रामघाट में निर्माणाधीन गार्डन का किया निरीक्षण**

कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के अमरकंटक के भ्रमण के दौरान रामघाट में भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के 'प्रसाद योजना' के अंतर्गत निर्माणाधीन गार्डन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने गार्डन में बेंच, पाथवे, पेड़ पौधे, घास, लैंडस्कैपिंग लाइटिंग इत्यादि के संबंध में संबंधित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। इस दौरान कलेक्टर ने गार्डन परिसर का भी निरीक्षण किया तथा वाहन पार्किंग व्यवस्था के संबंध में भी अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। इस दौरान कलेक्टर ने कहा कि गार्डन को पर्यटन की दृष्टि से निर्माण किया जाए जहां लोग शुद्ध एवं स्वच्छ वातावरण प्राप्त कर सके।

**कलेक्टर ने अमृत वाटिका का किया निरीक्षण**

कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के अमरकंटक के भ्रमण के दौरान अमृत वाटिका का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने अमृत वाटिका में लगाए गए पेड़ पौधे के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा वाटिका में फलदार पौधे लगाने के निर्देश दिए।

**कलेक्टर ने एचटीपी प्लांट का किया निरीक्षण**

कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के अमरकंटक के भ्रमण के दौरान एचटीपी प्लांट का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने एचटीपी प्लांट के संचालन के संबंध में जानकारी प्राप्त की। जिस पर कलेक्टर को बताया गया कि अमरकंटक में सुविधा घरों से निकलने वाले पानी को एचटीपी प्लांट के माध्यम से शुद्ध किया जाता है और इसका पानी नर्सरी में प्रयोग किया जाता है। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तन्मय वशिष्ठ शर्मा, सहायक यंत्री पर्यटन विभाग सोमपाल लोधी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# मनमानी तरीके से जिले में हो रहे रेत उत्खनन को लेकर सत्ता पक्ष के जिला मीडिया प्रभारी ने खोला मोर्चा, मुख्यमंत्री से शिकायत

## - अनूपपुर जिले में एनजीटी एवं सिया के दिशा निर्देशों का रेत कंपनी कर रही उल्लंघन

( ब्यूरो राजेश शिवहरे)

**अनूपपुर।** भारतीय जनता पार्टी अनूपपुर के जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह ने प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को पत्र लिखकर कहा कि जिले में प्रचुर मात्रा में खनिज का भंडारण होने के साथ उसका दोहन सरकार के दिशा निर्देशों एवं एनजीटी तथा मध्य प्रदेश राज्य पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण के नियमों के तहत होता रहा है लेकिन वर्तमान समय में रेत ठेका कंपनी एसोसिएट ऑमर्स के द्वारा जब से रेत उत्खनन का कार्य अनूपपुर जिले में प्रारंभ किया गया है तब से शासन की दिशा निर्देशों विभिन्न संस्थाओं के नियम कानूनो का खुला उल्लंघन कर मनमानी तरीके से रेत का उत्खनन किया जा रहा है और इस कार्य में जिला प्रशासन की मौन सहमति और स्वीकृति दी जा रही है जिसके कारण से यहां के पर्यावरण और राजस्व को भारी क्षति पहुंच रही है।

**एनजीटी एवं सिया के नियमों का नहीं हो रहा पालन**



श्री सिंह ने शिकायत पत्र में बताया कि अनूपपुर जिले में कार्य करने वाली रेत कंपनी एसोसिएट ऑमर्स के द्वारा जिले के विभिन्न नदियों में एनजीटी एवं मध्य प्रदेश राज्य पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण के दिशा निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है और मनमानी तरीके से उत्खनन कार्य को करते हुए पर्यावरण एवं राज्य सरकार को नुकसान पहुंचा जा रहा है।

रेत ठेकेदार द्वारा रेत खदान की सीमा खसरा नंबर से बाहर जाकर अवैध खनन कार्य को अंजाम दिया जा रहा है सभी खदानों की जांच कराई जाए।

**नदी की जलधारा को किया जा रहा प्रभावित**

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह कहा कि नदी के अंदर पोकलेन मशीन का उपयोग कर पानी के अंदर से रेत निकलने का कार्य किया जा रहा है नदी में रोपवे बनाकर नदी की जल की धारा को प्रभावित एवं प्रदूष किया जा रहा है रेत खदान प्रारंभ करने से पहले मध्य प्रदेश राज्य पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण के नियम अनुसार वन विभाग एवं राजस्व विभाग तथा स्थानीय किसानो से अनापत्ति प्रमाण पत्र रेत कंपनी के द्वारा नहीं लिया गया

**निर्धारित लक्ष्य से अधिक हो रहा उत्खनन**

श्री सिंह ने शिकायत में बताया कि अनूपपुर जिले के कोतमा में चंगेरी घाट पर संचालित रेट खदान जिसमें इसके पूर्व कंपनी के द्वारा लगभग 50 हजार घन मीटर की टीपी काटी जा चुकी है जो लक्ष्य की पूर्ति की जा चुकी है इसके बाद भी पुनः नवीन ठेकेदार को लगभग 50 हजार घन मीटर के रेत उठाने की सहमति किस **आधार पर प्रदान कर दी गई है यह जांच का विषय है**

एक वर्ष में विभिन्न खदानों में रेत उठाने की जो लिमिट निर्धारित किया गया है उससे अधिक रेत उठाने का कार्य किया जा रहा है जिससे पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंच रहा है और नदियां अपने अस्तित्व को नहीं बचा पा रही हैं।पर्यावरण ,वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार की EIA की अधिसूचना का पालन कराया जाना सुनिश्चित किया जाए.

**मनमानी तरीके से रेत के दामों की बिक्री पर लगे रोक**

रेत ठेकेदार द्वारा जिले के अलग-अलग खदानों में मनमानी तरीके से रेत की गई निर्धारित कीमत से जनता परेशान है रेत की कीमत कम करते हुए जनता को राहत पहुंचा जाए। शिकायत पर जांच कार्यवाही करते हुए रेत कंपनी के मनमानी पर रोक लगाने का कष्ट करें जिससे जिले का पर्यावरण संरक्षित और सुरक्षित हो सके और रेत कंपनी की मनमानी से जनता को भी राहत मिल सके।

# जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो। फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिप सकता।।

## बुद्ध पूर्णिमा पर विशेषः 23 मई, 2024

23 मई को बुद्ध पूर्णिमा का पर्व मनाया जा रहा है। प्रतिवर्ष वैशाख माह की पूर्णिमा तिथि को भगवान बुद्ध का जन्म हुआ था। ऐसे में यह दिन बुद्ध जयंती के रूप में भारत ही नहीं पूरे विश्व में बौद्ध धर्मावलंबियों के बीच मनाया जाता है। भगवान बुद्ध, बौद्ध धर्म के संस्थापक थे और उन्हें भगवान विष्णु का नौवां अवतार भी माना जाता है। भगवान बुद्ध का जन्म लुंबिनी में एक राज परिवार में हुआ था। उनका बचपन का नाम सिद्धार्थ गौतम था, हालांकि बड़े होने पर घर छोड़कर सिद्धार्थ सत्य की खोज के लिए निकल पड़े। इस दौरान उन्होंने दुनियाभर में सदाचार और शांति का संदेश दिया और भगवान गौतम बुद्ध के नाम से प्रसिद्ध हुए। महात्मा गौतम बुद्ध के विचारों से दुनिया भर के लोग प्रभावित हैं। जीवन में आई परेशानियों को कम करने के लिए उनके अनमोल विचारों को अपने जीवन में शामिल करें। यहां भगवान गौतम बुद्ध के अनमोल विचार दिए जा रहे हैं। बुराई से बुराई खत्म नहीं होती। घृणा को केवल प्रेम द्वारा समाप्त किया जा सकता है, ये एक अटूट सत्य है। तीन चीजें कभी छुपी नहीं रह सकती हैं- सूर्य, चंद्रमा और



सत्य। शक खतरनाक है। शक रिश्तों में दरार डालता है और लोगों को अलग कर देता है। यह दो अच्छे दोस्तों और किसी भी अच्छे रिश्ते को बर्बाद कर सकता है।

क्रोध में हजारों गलत शब्द बोलने से अच्छा, मौन रहना है जो जीवन में शांति लाता है।

सदैव सच का साथ देते रहो। अच्छा सोचो और अच्छा करो।

प्रेम धारा बनकर बहो।

परंपरागत रूप से, बौद्ध शुद्ध शाकाहारी होते हैं। इसलिए सभी बौद्ध धर्म के व्यक्ति इस पवित्र दिन पर अपने घरों में शुद्ध-शाकाहारी भोजन बनाते हैं। घरों पर मुख्य रूप से खीर तैयार किया जाता है। पिंजरों से पक्षियों को मुक्त करना, ज्यादातर स्थानों पर इस दिन शुभ माना जाता है।

बौद्ध मत हिन्दू धर्म का ही रूप है। इसकी विशेषतायें हिन्दू धर्म से मेल खाती है। यही कारण था कि इसाई और इस्लाम के दवाब के बावजूद डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी ने बौद्ध मत को ही अपनाया।

बुद्धं शरणं गच्छामि।
धम्मं शरणं गच्छामि।



**डॉ. राकेश मिश्र,**
(पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद)
महाकौशल प्रांत(मध्य प्रदेश)

# देश के मशहूर एंकर व समाज सेवी स्व.कुलदीप सक्सेना की याद में हुआ पौधा रोपण

## - ग्रीन एंबुलेंस के द्वारा पॉच वर्षो तक पौधों की करते हैं सेवाः डॉ राकेश मिश्र
## - अपना सपना हरा भरा सतना अभियान सराहनीय कार्यः प्रमोद तिवारी

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**सतना।** देश के मशहूर एंकर व जनप्रिय स्व. कुलदीप सक्सेना की जन्म तिथि में उनके पुत्र सुशांत सक्सेना द्वारा पं.गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा चलाए जा रहे अभियान 'अपना सपना - हरा भरा सतना' अभियान से प्रभावित होकर अपने पिता जी की याद में मान्या हेल्थ सेंटर के सामने नर्मदेश्वर मंदिर परिसर, भरहुत नगर में नीम का पौधारोपण करते हुए सुशांत सक्सेना ने कहा कि डॉ. राकेश मिश्र के द्वारा अपना सपना हरा-भरा सतना अभियान चलाया जा रहा है। आज हमने अपने पिता स्व. कुलदीप सक्सेना जी की याद में पौधारोपण किया है।

**ग्रीन एंबुलेंस के द्वारा पॉच वर्षो तक पौधों की करते हैं सेवाः डॉ राकेश मिश्र**

डॉ. राकेश मिश्र ने कहा कि सेवा न्यास के द्वारा जो भी पौधारोपण किया जाता है ग्रीन एंबुलेंस के द्वारा 5 वर्षो तक उसकी सेवा करते हुए खाद, पानी, मिट्टी समय-समय पर कीटनाशक दवाइयां छिड़काव करते हुए उसे एक बच्चे की तरह पहले पाला-पोशा जाता

## ॥ पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास का अभियान ॥



है। क्योंकि हमारे शास्त्रों में ऐसा कहा गया है एक पौधा रोपण करने में उसकी सेवा करने पालन पोषण करने में वही पुण्य की प्राप्ति होती है जो हमें 100 पुत्रों के पालन पोषण उसकी सेवा करने से मिलता है।

आप सभी से अनुरोध है कि आप भी अपनों की याद में पेड़ लगायें व पुण्य लाभ पायें।

**अपना सपना- हरा भरा सतना अभियान सराहनीय कार्यः प्रमोद तिवारी**

अनुपमा कॉन्वेंट स्कूल के संचालक एवं वरिष्ठ समाजसेवी प्रमोद तिवारी ने कहा कि कुलदीप सक्सेना जी हमारे बहुत ही परम मित्र थे। हम लोगों ने जल बचाओ अभियान में साथ में काम किया। आज उनके जन्म दिवस पर डॉ. राकेश मिश्र के द्वारा बहुत ही सराहनीय कार्य किया जा रहा है।

पूर्व पार्षद राजेश सिंह गहरवार ने कहा कि कुलदीप सक्सेना जी हमारे मार्गदर्शक थे। समाज सेवा के प्रति पूरे समर्पण भाव से कार्य करने वाले व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थे। डॉ. राकेश मिश्र की उपस्थिति में सुशांत सक्सेना के द्वारा अपने पिता की जन्मतिथि के उपलक्ष्य में वृक्षारोपण किया गया है जो की बहुत ही पुनीत कार्य है। आज हम सब मिलकर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

**इनकी रही उपस्थिति**

कुलदीप सक्सेना चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं संस्थापक सुशान्त सक्सेना, सुषमा सक्सेना, राजदीप सक्सेना, प्रमोद तिवारी, राजेश सिंह गहरवार, राकेश तिवारी, रोहित सिंह, अभिनव सिंह दीक्षित, कान्हा श्रीवास्तव, श्रेयांश श्रीवास्तव, श्रीमती मनीषा सिंह, श्रीमती सीलम सैनी, श्रीमती कीर्ति रतवानी, श्रीमती वंदना बागरी, विजय सिंह पटेल, राजेश त्रिपाठी नीलू एवं सेवा न्यास कार्यकर्ता पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे।

# जन-जन से संवाद की कवायद में जुटे ऊर्जा मंत्री !

## फेसबुक पर लाइव के जरिए अपनों तक पहुंचने और दुःख-तकलीफ समझने का प्रयास

**ग्वालियर।** ग्वालियर-15 विधानसभा क्षेत्र से विधायक और मध्य प्रदेश की सरकार में ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर यूं तो इस विधानसभा क्षेत्र मैं रहने वाले लोगों के बेटे और भाई और सुख-दुःख के साथी हैं। उनकी लोकप्रियता की बड़ी वजह यह भी है कि वह क्षेत्र के हर नागरिक से सतत संपर्क में रहते हैं। इसी सिलसिले को आगे बढ़ते हुए उन्होंने अब सोशल मीडिया के जरिए लोगों से संवाद की पहल की है, ताकि वह ज्यादा से ज्यादा लोगों से संपर्क कर उनकी दुःख-तकलीफों को जान और समझ सकें।

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने फेसबुक पर वर्चुअल संवाद की शुरुआत की है। वर्चुअल संवाद में मध्य प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ने लोगों से कहा कि अभी सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें, ताकि हम समाज को सही दिशा में ले जा सकें। उन्होंने ग्वालियर की बदलती तस्वीर का ज़िक्र करते हुए कहा कि, ग्वालियर बदल रहा है और बदलते ग्वालियर की इबारत लिखी जा रही है। इसमें आप सभी की भूमिका महत्वपूर्ण है। ग्वालियर के बदलाव में आप न सिर्फ इसका हिस्सा बनें, बल्कि ग्वालियर कैसे बदले यह भी सुनिश्चित करें। इस मौके पर उन्होंने साधु-संतों और महापुरुषों की सद् वचनों का उल्लेख भी किया और कहा कि हम गुलाब की तरह महकें। उन्होंने बताया कि गुलाब भंवरे को नहीं बुलाता, बल्कि रस के आकर्षण के कारण भंवरा स्वयं गुलाब के प्रति आकर्षित होकर उसके पास आता है। हम ऐसा काम करें, ताकि जमाना हमें याद रखे।



इस मौके पर उन्होंने ग्वालियर-15 विधानसभा क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए हजीरा सिविल हॉस्पिटल, एलिवेटेड रोड का ज़िक्र किया और बताया कि यह विकास कार्य बदलते ग्वालियर की इबारत लिख रहे हैं। इनके जरिए नई पीढ़ी के भविष्य का निर्माण हो रहा है। उन्होंने मध्य प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा और देव तुल्य भाजपा कार्यकर्ताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इन सभी के आशीर्वाद से ग्वालियर की तस्वीर और तकदीर बदल रही है। उन्होंने कहा कि मैं सिर्फ जनसेवक हूं, और मेरी जो जिम्मेदारी है उसका में निर्वहन कर रहा हूं। और यह भी सब आप लोगों के सहयोग के कारण संभव हो रहा है। फेसबुक लाइव पर उन्होंने नागरिकों से कहा कि ग्वालियर-15 विधानसभा क्षेत्र में जो भी विकास कार्य हो रहे हैं, उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी आपकी है। क्योंकि इन कार्यों पर खर्च होने वाली धन राशि आपकी है, जिसे आपने टैक्स के रूप में सरकार को दिया है। जनता के हितों के लिए किए गए संघर्षो का जिक्र करते हुए ऊर्जा मंत्री ने कहा कि जनसमस्याओं के समाधान के लिए वह 21 बार जेल जा चुके हैं। वर्चुअल संवाद के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने उनसे सवाल किए और कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने लोगों से अपील की कि वे बिजली की बचत करें। अगर आप बिजली बचाएंगे, तो इस पर खर्च होने वाली राशि का एक हिस्सा आपके परिवार की अन्य जरूरतों के लिए काम आ सकता है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर का आज फेसबुक वर्चुअल संवाद था। अगले मंगलवार को वह फिर फेसबुक लाइव के जरिए लोगों से संवाद करेंगे और उनकी समस्याओं शिकायतों और सुझावों को सुनेंगे।

# आबकारी विभाग द्वारा जप्त की गई 10 हजार 500 रुपये मूल्य की अवैध मदिरा



**अनूपपुर।** जिला आबकारी अधिकारी सावित्री भगत को प्राप्त सूचना के आधार पर थाना अनूपपुर अंतर्गत ग्राम पिपरिया में सुखलाल पटेल के मकान एवं दुकान की सघन तलाशी लेकर आरोपी के कब्जे से 9 बोतल बीयर एवं 11 पाव केन बीयर बरामद की गई है।

इसके अलावा थाना जैतहरी क्षेत्रांतर्गत ग्राम गौरेला में श्रीलाल मौर्य की दुकान एवं मकान की तलाशी लेने पर 48 पाव देशी मसाला मदिरा एवं 16 पाव विदेशी मदिरा गोवा व्हिस्की बरामद की गई है। कार्यवाही के दौरान कुल 22.87 बल्क लीटर देशी एवं विदेशी मदिरा बरामद कर आरोपियो के विरुद्ध म.प्र. आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) 'क' के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया है कि जब्त मदिरा का अनुमानित मूल्य लगभग 10500/- रुपये हैं। उन्होंने बताया कि कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक कृष्णकांत उईके आदि आबकारी के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# नक्शा तरमीम शुद्धिकरण व ई-केवाईसी कार्य का भ्रमण कर राजस्व अधिकारियों ने लिया जायजा



**अनूपपुर।** जिले के चारों अनुभाग में आज अनुविभागीय दण्डाधिकारियों तथा तहसीलदारों द्वारा अपने क्षेत्र अंतर्गत नक्शा तरमीम शुद्धिकरण कार्य तथा आंगनबाड़ी केन्द्रो का निरीक्षण किया गया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर आशीष वशिष्ठ के दिशा निर्देशानुसार राजस्व के लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए अभियान के रूप में जिले में कार्य किया जा रहा है। अनुविभागीय दंडाधिकारी अनूपपुर दीपशिखा भगत ने पटवारी बैठक ली। अनुविभागीय दंडाधिकारी जैतहरी अंजलि द्विवेदी ने एसडीएम कार्यालय के रिकॉर्ड रूम का जायजा लिया तथा आंगनबाड़ी केंद्रो का निरीक्षण किया व नक्शा तरमीम शुद्धिकरण कार्य का जायजा लिया इसी तरह अनुविभागीय दंडाधिकारी कोतमा ने आंगनबाड़ी केंद्र डोंगरिया कला तथा ग्राम डोंगरिया कला में चल रहे ई- केवाईसी कार्य का व नक्शा तरमीम शुद्धिकरण कार्य का निरीक्षण किया अनुविभागीय दंडाधिकारी पुष्पराजगढ़ सुधाकर सिंह बघेल ने भी अपने क्षेत्र अंतर्गत नक्शा तरमीम तथा ई- केवाईसी कार्य का जायजा लिया गया।



# संपादकीय

## हमास और इजराइल के बीच जारी जंग की जिम्मेदारी तय कर दोषियों को सजा देने की जरूरत



अंतरराष्ट्रीय आपराधिक अदालत ने सोमवार को युद्ध के दौरान अपराधों के लिए इजराइल और हमास के प्रमुखों पर आरोप लगाते हुए उन्हें मानवता के खिलाफ जघन्य अपराधों को अंजाम देने वाले वैश्विक नेताओं की सूची में डाल दिया। यह समझना मुश्किल है कि हमास और इजराइल के बीच जारी जंग से अब तक हासिल क्या हुआ है, लेकिन इतना साफ है कि इस त्रासदी में मानवता कराह रही है। कहने को दुनिया के वे देश भी मानवता की दुहाई देते हैं, जिनके हमलों में सैनिकों से ज्यादा निर्दोष आम लोगों की जान चली जाती है। यों तो बहुत कुछ तबाह करने के बाद आखिर किसी बिंदु पर युद्ध खत्म होता है, लेकिन उसके बाद हजारों लोगों की मौत के लिए शायद ही किसी की जिम्मेदारी तय की जाती है। मगर अंतरराष्ट्रीय आपराधिक अदालत ने सोमवार को युद्ध के दौरान अपराधों के लिए इजराइल और हमास के प्रमुखों पर आरोप लगाते हुए उन्हें मानवता के खिलाफ जघन्य अपराधों को अंजाम देने वाले वैश्विक नेताओं की सूची में डाल दिया। अदालत ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू सहित वहां के दो नेताओं और हमास के तीन नेताओं के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट की भी घोषणा की। मगर इजराइल ने खुद को 'लोकतांत्रिक' बताते हुए अदालत के इस रुख को 'वास्तविकता से कोसों दूर' बताया और हमास ने खुद को 'पीड़ित' कहा और इजराइल की तुलना 'जल्लाद' से की है। मगर प्रतीक रूप से भी देखें तो आइसीसी के फैसले की अपनी अहमियत है।

करीब सात महीने पहले इजराइली सीमा में घुस कर हमास का आतंकी हमला निश्चित तौर पर बर्बरता की पराकाष्ठा था। इसके लिए वह दुनिया भर के मानवतावादियों के निशाने पर है। मगर हमास के उस हमले के जवाब में अब तक इजराइल ने जो रुख अख्तियार किया हुआ है, वह अब दुनिया भर के लिए चिंता का सबब बन गया है। हमास के हमले में करीब बारह सौ आम लोगों की जान चली गई थी, उसके जवाब में इजराइल की सैन्य कार्रवाई में अब तक पैंतीस हजार से ज्यादा आम फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं। उनमें एक बड़ी संख्या बच्चों और महिलाओं की है। इजराइली हमले में अस्पतालों और हमले से बचने की पनाहगाहों को भी नहीं बख्शा गया। इजराइल के हमास पर हमले में कितने आतंकी मारे गए, यह साफ नहीं है, लेकिन इस क्रम में हजारों निर्दोष आम फिलिस्तीनियों को मार डाला गया। सवाल है कि इतने बड़े पैमाने पर चल रहे कत्लेआम की जिम्मेदारी तय कर क्या दोषी को सजा दी जा सकेगी?

# आधुनिकता की भेंट चढ़ी प्याऊ की परंपरा

> **इन दिनों बस के इंतजार में बार-बार बीस रुपए की प्लास्टिक की बोतल का पानी गटकते हुए तो प्याऊ बहुत ही याद आता है। यह पता नहीं कि प्लास्टिक की बोतल में पानी कितने दिन पहले भरा गया होगा। आज से पचास साल पहले गांव के बाहर बस ठहराव की जगह पर प्याऊ मिल जाता था। ताजा जल भरा रहता था। उसे पीकर गला ही नहीं, जिगर भी तर हो जाता था। एक समय था जब घनघोर गर्मी की विकट प्यास में सूरज की प्रचंड लपटों के बीच चलते राही अपनी जलती हुई आंखों से जो देखते थे, वह एक छोटा-सा ठिकाना होता था। आमतौर पर घास-फूस से बना होता था। कभी-कभार बरगद की छांव में बने गोल चबूतरे पर भी प्याऊ हर सौ दो सौ कदम पर होता ही था। प्याऊ का दूर से दर्शन भी मनमोहक होता था। गीले और माटी की खुशबू से भरे मटके देख चैन और सूखे कंठ में भी पानी आ जाता था।**



एक समय था जब राहगीर और मजदूर अपना पसीना सुखाने तथा थके हुए पैरों को आराम देने के लिए जीवनदायी प्याऊ की ओर देखते थे। प्याऊ के चारों तरफ कितनी शीतलता रहती थी! आज भी शहर में कुछ लोग अखबार की सुर्खी बनने के लिए कुछ दिन या कुछ घंटे का प्याऊ लगाते हैं, फिर उसे एकदम ही भूल जाते हैं। आजकल पैदल चलते हुए अक्सर पुराने समय के वे प्याऊ बहुत याद आने लगे हैं। इन दिनों बस के इंतजार में बार-बार बीस रुपए की प्लास्टिक की बोतल का पानी गटकते हुए तो प्याऊ बहुत ही याद आता है। यह पता नहीं कि प्लास्टिक की बोतल में पानी कितने दिन पहले भरा गया होगा। आज से पचास साल पहले गांव के बाहर बस ठहराव की जगह पर प्याऊ मिल जाता था। ताजा जल भरा रहता था। उसे पीकर गला ही नहीं, जिगर भी तर हो जाता था। एक समय था जब घनघोर गर्मी की विकट प्यास में सूरज की प्रचंड लपटों के बीच चलते राही अपनी जलती हुई आंखों से जो देखते थे, वह एक छोटा-सा ठिकाना होता था। आमतौर पर घास-फूस से बना होता था। कभी-कभार बरगद की छांव में बने गोल चबूतरे पर भी प्याऊ हर सौ दो सौ कदम पर होता ही था। प्याऊ का दूर से दर्शन भी मनमोहक होता था। गीले और माटी की खुशबू से भरे मटके देख चैन और सूखे कंठ में भी पानी आ जाता था। मगर अब वहां से वह सब गायब है। काले धारीदार कोरे मटके, गीली भुरभुरी मिट्टी, लंबी तार से बंधा हुआ डिब्बाज उसके छोर से गिरते झरने की भांति धार बनाता हुआ पानी जब जाता था हलक में तो लगता था कि अब जान वापस आ गईज अब आगे और पैदल चल सकते हैं। इतना ही नहीं, कितने ही प्याऊ ऐसे थे, जहां गुड़ की डली, भुना हुआ चना, मटर के दाने और कभी-कभार बताशा, नमकीन मुरमुरा भी एक कटोरे में रखा होता था। कितनी बार सूखे बेर भी रखे होते थे। तब कोई लालची न था। जरूरत भर का चख लेते थे। चना-चबेना ऐसा था कि जिसे मुट्ठी भर चबाकर राहगीर और मजदूर की खूब हौसलाआफजाई हो जाती थी। मगर आज यह सब दृश्य तो गायब ही हैं और गायब हो रही है वह एक बूढ़ी मां भी, जो चंद सिक्के के लिए बैठी रहती थी। पानी पिलाती थी उस छोटी-सी झोपड़ी से, जिसे हम प्याऊ के नाम से जानते थे। आज लोग आधुनिक रंग में रंगे अपनी प्लास्टिक की बोतलों में ठंडा पानी भरकर रखते हैं या फिर जब मन हुआ तब दुकान पर जाकर पैसा देकर खरीद लेते हैं। जबकि हमारे पूर्वजों के पास इस गर्मी से निपटने के लिए बुद्धिमान तरीके थे।

गांव और देहात की मुख्य सड़कों पर पीने के पानी के मटके भरे रहते या छाया से भरी प्याऊ हुआ करता था, जिसका मतलब था दिन भर ठंडा पानी। धीरे-धीरे घरों के ठीक अंदर पानी की पाइप लाइनें चलने के कारण ये प्याऊ अनुपयोगी हो गए और आखिर सजावटी टुकड़ों में ही सिमट कर रह गए और कुछ गायब हो गए। सबसे दुखद घटना तब हुई थी, जब आज से कुछ बरस पहले हमारे गांव वालों ने एक बड़े-से प्याऊ को ध्वस्त कर दिया। उस अनमोल तथा सार्वजनिक जगह को फर्जी कागज बनाकर एक दुकान बनने के लिए बेच दिया गया। एक समय था जब राहगीर और मजदूर अपना पसीना सुखाने तथा थके हुए पैरों को आराम देने के लिए जीवनदायी प्याऊ की ओर देखते थे। प्याऊ के चारों तरफ कितनी शीतलता रहती थी! आज भी शहर में कुछ लोग अखबार की सुर्खी बनने के लिए कुछ दिन या कुछ घंटे का प्याऊ लगा रहे हैं, फिर उसे एकदम ही भूल जाते हैं। जबकि हमारे समय में प्याऊ में साफ जल तो होता ही था, आसपास रंग-रोगन भी होता रहता था। आज हमारे नगर में ऐसे कुछ बचे हुए सार्वजनिक प्याऊ हैं, जो लोगों की प्यास बुझाने की बजाय बीमारियां दे रहे हैं। ज्यादातर प्याऊ केंद्रों पर पसरी गंदगी और कई वर्षों से टंकी की सफाई न होने से गंदा और दुर्गंधयुक्त पानी आता है। लोगों की भी लापरवाही कि जिन प्याऊ से उन्हें राहत और जीवन मिलता है, उनकी अनदेखी करने में उन्हें हिचक नहीं होती। बिगड़ती हालत की वजह से वे प्याऊ लोगों की जितनी प्यास बुझाते हैं, उससे ज्यादा वे बीमारियों का प्रसार करते होंगे। मगर शायद सभी लोग इतने ही लापरवाह नहीं हैं। गिनती के ही सही, लोग सजग और संवेदनशील हैं। आज भी कुछ प्याऊ ऐसे मिल जाएंगे, जहां साफ पानी मिल जाता है और वहां की साफ-सफाई मन को भी राहत देती है। एक बार शहर में एक जगह छोटे-से ठेले पर आधा दर्जन से अधिक मटके रखकर प्याऊ का शुभारंभ किया गया था, ताकि राहगीरों को शीतल पेयजल उपलब्ध हो सके। मटके रखने वाले ने बताया कि वे दो चाय की दुकानें चलाते हैं।

गर्मी के मौसम में राहगीरों को शीतल पेयजल नहीं मिल पाता था। उन्होंने अपनी आर्थिक स्थिति के हिसाब से एक ठेला लेकर उस पर आधा दर्जन से अधिक मटके रखा, लोगों या राहगीरों को ठंडा पानी मिल सके। खुश होकर उन्होंने बताया कि मटके रखे जाने के बाद उनकी सिर्फ देखरेख और सुबह-शाम पानी भरने की जिम्मेदारी रहती है, लेकिन इससे सैकड़ों राहगीरों को तेज गर्मी में ठंडा पानी मिल जाता है। आते-जाते मजदूर और बाकी लोग जब इन मटकों से पानी पीकर तृप्त होते हैं, तब भी उनको देखकर अपने गांव का प्याऊ याद आता है, जिसकी हर पंद्रह दिन में सफाई की जाती थी। मटके रोज भरे जाते थे। प्याऊ के समीप नीम और गुलमोहर कितना सुकून देते थे!

# विश्व परिदृश्य : रूस और चीन की इस दोस्ती में वफा नहीं, सुदृढ है हमारे संबंधों का आधार

रूस और चीन के बीच बढ़ती नजदीकी से भारत को परेशान होने की जरूरत नहीं है। रूस के साथ हमारी दशकों पुरानी परखी हुई दोस्ती है और हर जरूरत के वक्त रूस हमारे साथ खड़ा रहा है। भारत-चीन सीमा संघर्ष के तुरंत बाद भी रूस भारत को हथियार बेचने पर सहमत हो गया था। इस साल फिर से रूस का राष्ट्रपति चुने जाने के बाद व्लादिमीर पुतिन अपनी पहली विदेश यात्रा पर चीन पहुंचे। आठ महीने में यह उनकी दूसरी चीन यात्रा है। रूस और चीन की इस बढ़ती नजदीकी को देखते हुए क्या भारत को चिंतित या निराश महसूस करना चाहिए? बिल्कुल नहीं, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय संबंधों में एक के लाभ के बराबर दूसरे का नुकसान नहीं होता है। रूस दुनिया का सबसे बड़ा देश है, जो दो महाद्वीपों-यूरोप और एशिया तक फैला है। एक विशाल पेंडुलम की कल्पना कीजिए। यह एक तरफ झुकता है, तो रूस यूरोप की ओर पश्चिम की तरफ देखता है तथा खुद को यूरोपीय सभ्यता का एक अपरिहार्य हिस्सा मानता है। जब पेंडुलम दूसरी दिशा में झुकता है, तो रूस पूर्व की तरफ देखता है तथा पश्चिमी सभ्यता एवं पश्चिमी मूल्यों की आलोचना करता है। फिर घोषणा करता है कि रूस का भविष्य एशिया में है। व्लादिमीर पुतिन के शासन में रूसी पेंडुलम पूर्व की ओर घूम गया है। सोवियत संघ के विघटन के बाद के दशक में रूस मजबूती से पश्चिम की तरफ झुक गया था, यहां तक कि वह सोचने लगा था कि उसे यूरोपीय संघ और संभवतः नाटो में भी शामिल किया जा सकता है। लेकिन रूस और चीन के बीच बढ़ती नजदीकी के लिए अमेरिकी नेतृत्व में पश्चिमी देश जिम्मेदार हैं। दोनों देशों को प्रतिबंधों का सामना करना पड़ा। दोनों ने महसूस किया कि अकेले?रहकर 80 साल पुरानी पश्चिमी तथाकथित 'नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था' को चुनौती नहीं दी जा सकती है, लेकिन अपनी शक्तियों को मिलाकर और एक-दूसरे से साझेदारी करके वे एक नई 'वास्तविकता आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था' का निर्माण कर सकते हैं। रूस के पास वह सैन्य प्रौद्योगिकी है, जिसे चीन बेसब्री से पाना चाहता था और रूस को चीनी धन की जरूरत थी। फिर दोनों के बीच नजदीकी बढ़ी और रचनात्मक साझेदारी असीमित मित्रता में तब्दील होने लगी। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन पुतिन को %हत्यारा तानाशाह% कहते हैं, जबकि चीनी राष्ट्रपति पुतिन के लिए बिल्कुल अलग भाषा का इस्तेमाल करते हैं। वर्ष 2022 में समरकंद में शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन से परे जब दोनों नेता मिले, तो शी जिनपिंग ने पुतिन को %मेरे प्यारे पुराने दोस्त% कहा। व्लादिमीर पुतिन और शी जिनपिंग के बीच व्यक्तिगत रिश्ते बहुत प्रगाढ़ हैं। आज, चीन रूसी युद्ध मशीन के लिए दोहरे उपयोग वाले महत्वपूर्ण घटकों की आपूर्ति करता है, जिसमें मशीन टूल्स, ड्रोन और सेमीकंडक्टर चिप्स शामिल हैं। जब अमेरिका ने इस पर आपत्ति जताई, तो चीन ने कहा कि हम यूक्रेन संकट में पक्षकार नहीं हैं और चीन तथा रूस के बीच के सामान्य व्यापार में हस्तक्षेप नहीं किया जाना चाहिए। दोनों नेता बहु-ध्रुवीय दुनिया की वकालत करते हैं, जिसमें वे पश्चिम, विशेषकर अमेरिका का प्रतिकार करते हैं। साथ मिलकर, वे ईरान और सीरिया जैसे देशों के लिए एक व्यावहारिक विकल्प पेश कर सकते हैं, जो पश्चिम से ठगा हुआ महसूस करते हैं। ईरान के राष्ट्रपति की रहस्यमय तरीके से हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मौत ईरान को रूस के करीब ला सकती है। तो क्या पुतिन और शी जिनपिंग हमेशा के लिए अच्छे मित्र बने रहेंगे? बिल्कुल नहीं। सबसे पहले, तो वैश्विक राजनीति में %हमेशा के लिए अच्छे मित्र% दुर्लभ होते हैं। चीनी कम्युनिस्ट नहीं जानते कि लोगों को कैसे प्रभावित किया जाता है और दोस्त बनाए जाते हैं। वे बस दूसरों की निष्ठा का सौदा करना जानते हैं। कई अन्य राष्ट्रों की तरह रूस को भी पता है कि चीन के साथ काम करना दोधारी तलवार पर चलने जैसा है। वर्ष 2015 में इंटरनेट पर एक रूसी फिल्म चाइना-ए डेडली फ्रेंड (चीन-एक घातक मित्र) काफी लोकप्रिय हुई थी, जो रूस के सुदूर पूर्व में चीनी आक्रमण पर केंद्रित थी। कई रूसी मानते हैं कि यह एक भूराजनीतिक टाइम बम है। रूस-चीन दोस्ती में इस बात का बहुत ज्यादा एहसास होता है कि रूस चीन का कनिष्ठ सहयोगी है, जो रूस के लोगों को हजम नहीं हो सकता है। वर्ष 2000 में पुतिन ने लिखा कि 'रूस को हमेशा यूरेशियन देश होने का एहसास होता है, क्योंकि इसका मुख्य हिस्सा एशिया में है। इसलिए एशिया की ओर रुख करने का समय आ गया है।' विजयी पश्चिम द्वारा अपमानित किए जाने के बाद हैरानी नहीं कि 2005 में राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में पुतिन ने कहा था कि 'सोवियत संघ का पतन सदी की सबसे बड़ी भूराजनीतिक तबाही थी।' चीन रूसी सैन्य तकनीक हासिल करने और कम आबादी वाले साइबेरिया में उसकी जमीन को हथियाने की ताक में था। उसने संघर्षरत रूसी अर्थव्यवस्था में अरबों डॉलर का निवेश किया, और रूसी तकनीक से अपनी दूसरी पीढ़ी के हथियारों को उन्नत बनाया। नतीजतन, दोनों के बीच मतलब की दोस्ती हुई। रूस-चीन की मित्रता के चलते शंघाई सहयोग संगठन का गठन हुआ, जिसमें भारत शामिल हुआ। लेकिन रूस-चीन की बढ़ती दोस्ती से क्या भारत की रूस के साथ दोस्ती खतरे में है? क्या हमें रूस के साथ अपने रिश्ते को कमजोर करना चाहिए? बिल्कुल भी नहीं। सोवियत संघ और उसके उत्तराधिकारी फेडरेशन ऑफ रसिया जरूरत के वक्त हमेशा हमारे साथ खड़ा रहा है, चाहे वह कश्मीर पर पश्चिम प्रेरित प्रस्तावों को वीटो करना हो, या 1971 में अमेरिकी सातवें बेड़े को रोकने में मदद करना हो, या 1950-60 के दशक में हमारे स्टील एवं तेल उद्योगों के लिए टेक्नोलॉजी देने की बात हो, या परमाणु-संचालित पनडुब्बियों या परमाणु ऊर्जा संयंत्रों के निर्माण सहित हमारी सेना को सर्वोत्तम हथियारों से लैस करना हो। रूस ने कभी हम पर प्रतिबंध नहीं लगाया, लेकिन पश्चिम ने ऐसा किया। यूक्रेन के मुद्दे पर हमारे प्रधानमंत्री द्वारा सार्वजनिक रूप से यह कहने के अलावा कि यह युद्ध का नहीं, शांति का युग है, हमने अमेरिका या उसके ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी जैसे चाटुकारों की तरह रूस को नहीं कोसा। परिपक्व भारत अच्छी तरह से जानता है कि साझेदारी और वफादारी बदल सकती है, इसलिए हमने अमेरिका के साथ अपने रिश्ते में सुधार किया है। वर्ष 2020 के मध्य भारत-चीन सीमा संघर्ष के तुरंत बाद ही रूस भारत को हथियार बेचने पर सहमत हो गया था, और अमेरिकी आपत्तियों के बावजूद भारत को रूसी एस-400 विमान भेदी मिसाइल प्रणाली प्राप्त हुई थी। इसलिए भारत और रूस के रिश्ते निकट भविष्य में खत्म नहीं होने वाले हैं।

# मुद्दाः औसत से ज्यादा वोटिंग क्यों नहीं होती ?

> **निर्वाचन आयोग और राजनीतिक दलों की तरफ से मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने के तमाम प्रयास किए जाते हैं। लोगों को अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन प्रेरित किया जाता है, लेकिन इससे बहुत फर्क नहीं पड़ता। कुछेक अपवादों को छोड़ दें, तो कभी वोटिंग औसत से ज्यादा नहीं बढ़ी। सिर्फ 2014 और 2019 में मतदाताओं ने उत्साह दिखाया था और औसतन 66 प्रतिशत से ज्यादा मतदान हुआ था। सवाल यह है कि ऐसे में क्या उपाय किए जाएं कि मतदाता मतदान करने के लिए प्रेरित हों। कम वोटिंग भारत ही नहीं, दुनिया भर के लोकतांत्रिक देशों के लिए चिंता का विषय है।**

मौजूदा लोकसभा चुनाव में औसत मतदान 60 प्रतिशत के आसपास रहना निर्वाचन आयोग ही नहीं, राजनेताओं के लिए भी चिंता का विषय है। इससे लोकतंत्र के मूल उद्देश्य पूरे होते नहीं दिखते। स्थिति यह है कि कुल पंजीकृत मतदाताओं के एक चौथाई हिस्से से भी कम का समर्थन पाकर पार्टियां सरकार बना लेती हैं और फिर पूरी आबादी का प्रतिनिधित्व करती हैं। उत्तर और पश्चिम इलाकों में, जहां इस समय प्रचंड गर्मी है, वहां तो कम मतदान हो ही रहे हैं, पर्वतीय क्षेत्रों और दक्षिण राज्यों, जहां गर्मी नहीं है, में भी मतदाताओं में उत्साह नहीं नजर आता है। इसकी एक वजह राजनीतिक व्यवस्था से मोहभंग भी हो सकता है। निर्वाचन आयोग और राजनीतिक दलों की तरफ से मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने के तमाम प्रयास किए जाते हैं। लोगों को अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन प्रेरित किया जाता है, लेकिन इससे बहुत फर्क नहीं पड़ता। कुछेक अपवादों को छोड़ दें, तो कभी वोटिंग औसत से ज्यादा नहीं बढ़ी। सिर्फ 2014 और 2019 में मतदाताओं ने उत्साह दिखाया था और औसतन 66 प्रतिशत से ज्यादा मतदान हुआ था। सवाल यह है कि ऐसे में क्या उपाय किए जाएं कि मतदाता मतदान करने के लिए प्रेरित हों। कम वोटिंग भारत ही नहीं, दुनिया भर के लोकतांत्रिक देशों के लिए चिंता का विषय है। कई देशों ने मताधिकार का उपयोग करना अनिवार्य कर दिया, तो कुछ देशों ने मतदान नहीं करने पर अलग-अलग तरह से दंड लगाने के कानून बनाए। हालांकि कुछ देशों ने बाद में व्यावहारिक परेशानियों के चलते इसे रद्द कर दिया। सबसे पहले बेल्जियम ने 1892 में वोटिंग अनिवार्य करने का कानून बनाया। फिर अर्जेंटीना ने 1914 में और ऑस्ट्रेलिया ने 1924 में ऐसा ही कानून लागू किया। उसके बाद ऑस्ट्रिया, ब्राजील, मिस्र, फिजी, बुल्गारिया, बोलीविया, इटली, ग्रीस, फ्रांस (सिर्फ सीनेट), अमेरिका (कुछ राज्य), मैक्सिको, फिलीपीन, स्विट्जरलैंड, थाईलैंड, स्पेन, तुर्किये, वेनेजुएला, पेरू, पनामा आदि ने भी कानून बनाए। इनमें कुछ देशों ने कानून को आंशिक या पूर्ण रूप से रद्द कर दिया। भारत की स्थिति कुछ भिन्न है। यहां कई बार वोटिंग अनिवार्य करने को लेकर लोकसभा में चर्चा हुई। यही निष्कर्ष निकला कि ऐसा करना व्यावहारिक नहीं होगा। इस संबंध में सबसे पहले चर्चा 1950 में तब शुरू हुई, जब जनप्रतिनिधित्व अधिनियम लागू किया जा रहा था। डॉ. भीमराव आंबेडकर सहित संविधान सभा के कई सदस्यों ने इसे सिरे से नकार दिया। 1990 में दिनेश गोस्वामी कमेटी ने वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के उपायों पर विचार करने के दौरान इसे अनिवार्य किए जाने पर भी गौर किया और अंततः इसे नामंजूर कर दिया। वर्ष 2001 में कंसल्टेशन पेपर ऑफ नेशनल कमीशन रिव्यू द वर्किंग ऑफ द कंस्टीट्यूशन ने इस मुद्दे पर विचार करने के बाद कहा कि वोट नहीं देने पर दंड का प्रावधान रखने से कई जटिलताएं पैदा होंगी। चुनावी खर्च को लेकर गठित तारकुंडे कमेटी ने भी अपनी रिपोर्ट में कहा कि वोटिंग अनिवार्य करने से मतदाताओं में रोष पैदा होगा और इसके दुरुपयोग की?आशंका रहेगी। बेहतर होगा कि वोटरों को?मतदान के लिए उत्साहित किया जाए।

लोकसभा में 2004 , 2009, 2012 एवं 2014 में प्राइवेट बिल पेश किए गए, लेकिन हर बार प्रस्ताव का विरोध हुआ। वर्ष 2009 में इस पर सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका पेश की गई, जिसमें मताधिकार का उपयोग नहीं करने वाले के घर की बिजली, पानी आदि काटने और आर्थिक दंड लगाने की मांग की गई। कोर्ट ने इसे बेहद अमानवीय बताकर याचिका खारिज कर दी। देश में चुनावों में अशिक्षित और अल्पशिक्षित मतदाताओं में मतदान को लेकर जितना उत्साह दिखता है, उतना प्रबुद्ध वर्ग में नहीं। प्रबुद्ध वर्ग का एक बड़ा हिस्सा आलस और अरुचि की वजह से घर से नहीं निकलता। वोटिंग लिस्ट में गड़बड़ी होना भी कम मतदान का एक कारण है। चुनाव से पहले मतदाता सूची को ठीक से अपडेट नहीं किया जाता और किया भी जाता है, तो उनमें कई त्रुटियां दिखती हैं। लोगों को शिकायत रहती है कि नाम शामिल करने, संशोधन आदि का फॉर्म बूथ लेवल अफसर (बीएलओ) को समय पर देने के बाद भी कुछ नहीं होता।?यह विडंबना ही कही जाएगी कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में पंजीकृत वोटरों में से 40 प्रतिशत वोट ही नहीं देते।

# जम्मू-कश्मीर में लोकसभा चुनाव में लोगों का बढ़-चढ़ कर भाग लेना लोकतंत्र के लिए सराहनीय

> **सोपोर में पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में चार फीसद बढ़ कर इस बार चौवालीस फीसद मतदान दर्ज हुआ। ये आंकड़े ऐसे समय में आए हैं, जब कश्मीर के कई हिस्सों में माहौल अनुकूल नहीं है। मतदान से एक दिन पहले आतंकवादियों ने शोपियां में एक स्थानीय नेता की गोली मार कर हत्या कर दी थी। पहलगाम में भी एक पर्यटक दंपति को निशाना बनाया गया था। आतंकी संगठन लगातार स्थानीय लोगों पर मुख्यधारा की व्यवस्था में हिस्सेदारी से दूर रहने का दबाव बनाते रहे हैं। थोड़े-थोड़े समय पर हो जाते आतंकवादी हमलों से यही लगता था कि दहशतगर्दों को स्थानीय लोगों का समर्थन हासिल है और वे उन्हें पनाह देते हैं।**

जम्मू-कश्मीर में लोकसभा चुनाव में जिस तरह वहां के लोग मतदान के लिए घरों से निकले, उससे साफ हो गया है कि उन्होंने दहशतगर्दों के दबाव की परवाह न करते हुए लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर भरोसा जताया है। इस बार के आम चुनाव में जब बहुत सारी जगहों पर मतदान में उत्साह की कमी देखी जा रही है, कश्मीर घाटी से इसमें बढ़ोतरी के आंकड़े वहां के लोगों में लोकतंत्र के प्रति बढ़ते विश्वास का संकेत देते हैं। बारामूला में अट्ठावन फीसद से ऊपर मतदान हुआ। सोपोर में पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में चार फीसद बढ़ कर इस बार चौवालीस फीसद मतदान दर्ज हुआ। ये आंकड़े ऐसे समय में आए हैं, जब कश्मीर के कई हिस्सों में माहौल अनुकूल नहीं है। मतदान से एक दिन पहले आतंकवादियों ने शोपियां में एक स्थानीय नेता की गोली मार कर हत्या कर दी थी। पहलगाम में भी एक पर्यटक दंपति को निशाना बनाया गया था। आतंकी संगठन लगातार स्थानीय लोगों पर मुख्यधारा की व्यवस्था में हिस्सेदारी से दूर रहने का दबाव बनाते रहे हैं। थोड़े-थोड़े समय पर हो जाते आतंकवादी हमलों से यही लगता था कि दहशतगर्दों को स्थानीय लोगों का समर्थन हासिल है और वे उन्हें पनाह देते हैं। फिर जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त होने के बाद जिस तरह घाटी में लगातार असंतोष नजर आ रहा था, उससे यही आशंका बनी हुई थी कि वहां के लोग चुनावों में उत्साह नहीं दिखाएंगे। शायद यही भय था कि निर्वाचन आयोग ने भी वहां लोकसभा के चुनाव कराने की घोषणा तो कर दी, पर विधानसभा चुनावों को टालना बेहतर समझा। मगर लोकसभा चुनाव में जिस तरह वहां लोग मतदान के लिए घरों से निकले, उससे साफ हो गया है कि उन्होंने दहशतगर्दों के दबाव की परवाह न करते हुए लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर भरोसा जताया है। लोग मुख्यधारा व्यवस्था से जुड़ना चाहते हैं। इससे स्वाभाविक ही घाटी और राष्ट्रीय स्तर के सियासी दलों और निर्वाचन आयोग का भी उत्साह बढ़ेगा। इस हकीकत से इनकार नहीं किया जा सकता कि कश्मीर के आम लोग दरअसल अमन चाहते हैं। दहशतगर्दी से उनकी जिंदगी में दुश्वारियों के सिवा और कुछ नहीं आता। आतंकियों और सुरक्षाबलों के टकराव में अक्सर उन्हें अपने रोजी-रोजगार से दूर रहना पड़ता है। सुरक्षा तलाशी और प्रशासनिक सख्ती के चलते हर समय उन्हें एक तरह के खौफ में जिंदगी बसर करनी पड़ती है। इसलिए आम लोग यही चाहते हैं कि खौफ का माहौल खत्म हो, अमन की सूरत बने। चुनाव होंगे, तभी लोकतांत्रिक प्रक्रिया शुरू होगी, उनकी बेहतरी के फैसले किए जा सकेंगे, यह बात वे अच्छी तरह जानते हैं। सिर्फ कुछ अलगाववादी ताकतें और सियासी लोग मसलों को उलझाए रखना चाहते हैं। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा सीटों के लिए परिसीमन पूरा हुए काफी समय बीत चुका है। तमाम राजनीतिक दल वहां लंबे समय से स्थगित लोकतांत्रिक प्रक्रिया की बहाली की मांग उठाते रहे हैं। अब तो घाटी के ज्यादातर हिस्से तनावमुक्त नजर आते हैं। बारामूला, शोपियां, अनंतनाग, सोपोर जैसे कुछ इलाकों में जरूर रह-रह कर आतंकी गतिविधियां सिर उठा लेती हैं, पर उनमें भी चुनाव को लेकर लोगों के उत्साह से यही जाहिर हुआ है कि आतंकी मंसूबे पस्त पड़ चुके हैं। लोकतंत्र के प्रति लोगों के इस विश्वास और भरोसे को और मजबूत बनाने की जरूरत है। यह तभी संभव होगा, जब वहां जल्द से जल्द विधानसभा के चुनाव भी करा लिए जाएं। इससे पहले स्थानीय निकायों के चुनाव हुए थे, तब भी लोगों ने उसमें बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया था। हालांकि निर्वाचन आयोग ने भरोसा दिलाया है कि लोकसभा चुनावों के ठीक बाद इसकी प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी।



# वापसी के बेहद करीब हैं मोहम्मद शमी, जिम में जमकर बहा रहे पसीना

**नई दिल्ली।** मोहम्मद शमी को फैंस ने आईपीएल 2024 में बहुत मिस किया. भारतीय तेज़ गेंदबाज़ इंडियन प्रीमियर लीग में गुजरात टाइटंस का हिस्सा हैं. टूर्नामेंट के पिछले सीज़न में गुजरात के पेसर ने सबसे ज़्यादा विकेट लेकर पर्पल कैप अपने नाम किया था. लेकिन इन दिनों वह इंजरी के चलते क्रिकेट से दूर हैं, जिसकी वजह से आईपीएल 2024 का हिस्सा नहीं बन सके. लेकिन अब जल्द ही उनकी वापसी हो सकती है. शमी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह जिम में पसीना बहा रहे हैं।भारत की सरज़मीं पर खेले गए वनडे वर्ल्ड कप 2023 के बाद से शमी वापसी नहीं कर सके हैं. उन्होंने आखिरी मुकाबला वनडे विश्व कप फाइनल के रूप में खेला था. विश्व कप में भी शमी चोट के साथ खेले थे. उन्होंने बाद में इस बात का खुलासा करते हुए बताया था कि वह वनडे विश्व कप के मैचों के बाद दर्द के चलते इंजेक्शन लिया करते थे. उनकी एड़ी में चोट लगी थी।



इस इंजरी के लिए भारतीय पेसर ने 26 फरवरी, 2024 को सर्जरी करवाई थी, जिससे वह अब अच्छी तरह से उबर रहे हैं. शमी की इस इंजरी पर अपडेट देते हुए बीसीसीआई ने बताया था कि वह आईपीएल के बाद होने वाला टी20 विश्व कप भी नहीं खेल सकेंगे।

**अब वापसी के लिए जमकर बहा रहे हैं पसीना**

अब शमी इंजरी से वापसी के लिए जमकर मेहनत कर रहे हैं. वह जिम में पसीना बहा रहे हैं. सर्जरी से वह लगभग रिकवर हो चुके हैं. मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो सितंबर तक शमी की वापसी हो सकती है. हालांकि अभी उनकी वापसी को लेकर किसी भी तरह का आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है.

**वनडे वर्ल्ड कप 2023 में जमकर बरपाया कहर**

गौरतलब है कि वनडे वर्ल्ड कप 2023 में शमी सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज़ रहे थे. उन्होंने 7 मैचों में 10.71 की बेहद ही शानदार औसत से 24 विकेट झटके थे. इस लिस्ट में ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर एडम जैम्पा दूसरे नंबर पर थे, जिन्होंने 23 विकेट लिए थे. हालांकि जैम्पा ने 11 मैचों में 23 विकेट चटकाए थे.

# बीसीसीआई ने हेड कोच के लिए जयवर्धने में दिलचस्पी दिखाई, गौतम गंभीर पहली पसंद

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने टीम इंडिया के हेड कोच के लिए पूर्व श्रलंकाई खिलाड़ी महेला जयवर्धने में दिलचस्पी दिखाई है। बीसीसीआई ने टीम इंडिया के नए हेड कोच के लिए आवेदन मंगाए हैं। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, बीसीसीआई ने टीम इंडिया के नए हेड कोच पद के लिए कुछ बड़े नामों में रुचि दिखाई है। इस लिस्ट में गौतम गंभीर, स्टीफन फ्लेमिंग, जस्टिन लैंगर और महेला जयवर्धने के नाम शामिल हैं। इन सभई में गंभीर बोर्ड की पहली पसंद हैं।



**टीम इंडिया के हेड कोच के लिए 27 मई तक अप्लाई करना होगा**

बोर्ड ने 13 अप्रैल को देर रात उम्मीदवारों के लिए विज्ञापन जारी किया था। हेड कोच पद के लिए अप्लाई करने की आखिरी तारीख 27 मई की शाम 6 बजे तक है। टीम इंडिया के नए हेड कोच का कार्यकाल जुलाई 2024 से दिसंबर 2027 तक साढ़े तीन साल की अवधि के लिए तीनों फॉर्मेट के लिए होगा।गंभीर बतौर खिलाड़ी 2007 में भारत की टी-20 वर्ल्ड कप जीत और 2011 में वनडे वर्ल्ड कप जीत का हिस्सा थे। उन्होंने 2011 से 2017 तक सात आईपीएल सीजन के लिए च्यक्र की कप्तानी की, और उन्होंने पांच बार प्लेऑफ के लिए भी क्वालिफाई किया। बतौर कप्तान उन्होंने साल 2012 और 2014 में दो खिताब जीते।राहुल द्रविड़ को नवंबर 2021 में भारत का हेड कोच बनाया गया, तब टीम इंडिया टी-20 वर्ल्ड कप के ग्रुप स्टेज से ही बाहर हो गई थी। 2022 के टी-20 वर्ल्ड कप में टीम ने फिर सेमीफाइनल खेला। 2023 में वनडे वर्ल्ड कप के बाद द्रविड़ का कार्यकाल खत्म हो गया था, लेकिन टीम इंडिया के फाइनल में पहुंचने के कारण उनका कार्यकाल टी-20 वर्ल्ड कप तक बढ़ा दिया गया।द्रविड़ की कोचिंग में टीम इंडिया की एकमात्र कामयाबी 2023 में एशिया कप के रूप में आई। भारत ने मेजबान श्रीलंका को हराकर खिताब जीता था।

# टी-20 वर्ल्ड कप के लिए ऑस्ट्रेलिया का फाइनल स्क्वॉड जारी, मैकगर्क-शॉर्ट बतौर रिजर्व प्लेयर टीम से जुड़े

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेले जाने वाले टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के फाइनल स्क्वॉड का ऐलान हो गया है। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट बोर्ड ने मंगलवार की सुबह 15 मेंबर्स के अलावा ट्रैवलिंग रिजर्व प्लेयर्स का ऐलान किया।युवा बैटर जैक फ्रेजर-मैकगर्क और मैथ्यू शॉर्ट को रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर टीम के साथ जोड़ा गया है। सीए ने 15 मेंबर्स स्क्वॉड का ऐलान 4 मई को ही कर दिया था, लेकिन उस वक्त रिजर्व प्लेयर्स के नाम का ऐलान नहीं हुआ था।

वर्ल्ड कप के लिए सभी टीमों के फाइनल स्क्वॉड के ऐलान की आखिरी तारीख 25 मई है। इससे पहले टीमें अपने स्क्वॉड में बदलाव कर सकती हैं। टीम की कप्तानी मिचेल मार्श करेंगे। मार्श पिछले 12 महीनों में बतौर कप्तान तीन टी-20 इंटरनेशनल सीरीज में ऑस्ट्रेलिया का नेतृत्व कर चुके हैं। वहीं स्टार बैटर स्टीव स्मिथ को स्क्वॉड में जगह नहीं मिली है।



**टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए ऑस्ट्रेलिया टीम**

मिचेल मार्श (कप्तान), एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), ग्लेन मैक्सवेल, मिचेल स्टार्क, मार्कस स्टोयनिस, मैथ्यू वेड (विकेटकीपर), डेविड वॉर्नर, एडम जम्पा।

अभी तक मैकगर्क ने टी-20 इंटरनेशनल में ऑस्ट्रेलिया के लिए डेब्यू नहीं किया है।

हालांकि, वो दो वनडे खेल चुके हैं। इसी सीजन आईपीएल डेब्यू करने मैकगर्क दिल्ली कैपिटल्स की ओर से खेलते हुए 9 मैच में 330 रन बनाए।

**गुरुवार को वेस्टइंडीज रवाना होगी ऑस्ट्रेलिया टीम**

ऑस्ट्रेलिया टीम गुरुवार को वेस्टइंडीज रवाना होगी। उसे त्रिनिदाद में 28 और 30 मई को नामीबिया और वेस्टइंडीज के खिलाफ दो अभ्यास मैच खेलने हैं। ट्रैविस हेड, कैमरन ग्रीन, पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क और ग्लेन मैक्सवेल आईपीएल 2024 के प्लेऑफ के बाद टीम से जुड़ेंगे।

# टी-20 वर्ल्ड कप से पहले अमेरिका ने बांग्लादेश को हराया एंडरसन और हरमीत के बीच नाबाद 62 रन की साझेदारी

**नई दिल्ली।** टी-20 वर्ल्ड कप शुरू होने से 10 दिन पहले ही अमेरिका ने बांग्लादेश को 5 विकेट से हराकर उलटफेर करने के संकेत दे दिए हैं। अमेरिका पहली बार वर्ल्ड कप में भाग ले रहा है। वर्ल्ड कप 2 जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज में होना है।

बांग्लादेश वर्ल्ड कप से पहले ङ्क के साथ तीन टी-20 मैचों की सीरीज खेल रही है। मंगलवार को ह्यूस्टन में खेले गए पहले टी-20 मुकाबले में यूएसए ने बांग्लादेश को 5 विकेट से हराया। यूएसए के जीत के हीरो रहे मुंबई में जन्मे हरमीत सिंह। उन्होंने 13 बॉल पर नाबाद 33 रन की पारी खेली। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी घोषित किया गया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश ने 6 विकेट के नुकसान पर 153 रन बनाया। जवाब में ङ्क ने 3 ओवर शेष रहते हुए 5 विकेट के नुकसान पर 156 रन बना कर यह मुकाबला 5 विकेट से अपने पक्ष में कर लिया।



**तौहीद हृदॉय ने बांग्लादेश के टॉप स्कोरर रहे**

बांग्लादेश की ओर से तौहीद हृदॉय टॉप स्कोरर रहे। उन्होंने 47 गेंदों पर 58 रन बनाए। महमुदुल्लाह ने 22 गेंद पर 31 रन बनाए। सौम्य सरकार ने 20 और लिटन दास ने 14 रन का योगदान दिया। कप्तान नजमुल हुसैन शांतो (3) और शाकिब अल हसन (6) जल्दी-जल्दी आउट हो गए।

**टेलर और पटेल ने यूएसए को दी अच्छी शुरुआत**

153 रन का पीछा करने उतरी यूएसए को कप्तान मोनांक पटेल और स्टीवन टेलर ने अच्छी शुरुआत दी। टेलर ने 28 और पटेल ने 12 रन बनाए। टेलर ने कप्तान मोनांक पटेल के आउट होने के बाद एंड्रीज गौस के साथ एसए की पारी को संभाला और 38 रन की साझेदारी कर अपनी टीम के स्कोर को आगे बढ़ाया।

**कोरी एंडरसन और हरमीत सिंह ने 62 रन की साझेदारी कर टीम को दिलाई जीत**

न्यूजीलैंड से खेल चुके कोरी एंडरसन और मुंबई में जन्मे हरमीत सिंह ने 28 गेंदों पर नाबाद 62 रन की साझेदारी कर टीम को जीत दिलाई।

एक समय यूएसए ने 94 रन पर 5 विकेट खो दिए थे। ऐसे में लग रहा था कि यूएसए इस मैच को गंवा बैठेगा। लेकिन, एंडरसन और हरमीत ने पारी को संभाला। एंडरसन ने 25 गेंदों पर नाबाद 34 रन और हरमीत सिंह ने 13 गेंदों पर नाबाद 33 रन की पारी खेल कर टीम को जीत दिलाई। बांग्लादेश की ओर से मुस्तफिजुर रहमान ने 4 ओवर में 41 रन देकर 2 विकेट ओर शुरीफुल इस्लाम ने 4 ओवर में 31 रन देकर 1 विकेट लिए। वहीं राशिद हुसैन को भी एक विकेट मिला।

## व्यापार

# BHEL का चौथी-तिमाही में मुनाफा 26 प्रतिशत घटकर 489 करोड़, आय सालाना आधार पर 0.40 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड यानी BHEL लिमिटेड का वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) में मुनाफा सालाना आधार पर 26 प्रतिशत घटकर 489.62 करोड़ रहा। एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी का कंसॉलिडेटेड नेट प्रॉफिट 658.02 करोड़ रहा था।

कंपनी ने वित्त वर्ष 2024 के लिए 25 पैसे प्रति शेयर के फाइनल डिविडेंड यानी लाभांश देने का ऐलान किया है। कंपनियां अपने शेयरधारकों को मुनाफे का कुछ हिस्सा देती हैं, उसे डिविडेंड कहते हैं। BHEL ने 21 मई को चौथी तिमाही और सालाना नतीजे जारी किए हैं।

BHEL के ऑपरेशन से कंसॉलिडेटेड रेवेन्यू यानी आय में सालाना आधार पर 0.40 प्रतिशत की तेजी आई। FY24 की चौथी तिमाही में ऑपरेशन से रेवेन्यू 8260.25 करोड़ रहा। एक साल पहले की समान तिमाही यानी FY23 की चौथी तिमाही में रेवेन्यू 8226.99 करोड़ रहा था।



BHEL का पूरे वित्त वर्ष 2024 में कंसॉलिडेटेड मुनाफा 56.85 प्रतिशत घटकर 282.22 करोड़ हो गया। वित्त वर्ष 2023 में मुनाफा ?654.12 करोड़ रहा था।

BHEL का वित्त वर्ष 2024 में कंसॉलिडेटेड रेवेन्यू बढ़कर 23,892.78 करोड़ हो गया। वित्त वर्ष 2023 में रेवेन्यू 23,364.94 करोड़ रहा था। यानी रेवेन्यू में 2.25 प्रतिशत की तेजी आई है।

कंपनियों के रिजल्ट दो भागों में आते हैं- स्टैंडअलोन और कंसॉलिडेटेड। स्टैंडअलोन में केवल एक यूनिट का वित्तीय प्रदर्शन दिखाया जाता है। जबकि, कंसॉलिडेटेड या समेकित फाइनेंशियल रिपोर्ट में पूरी कंपनी की रिपोर्ट दी जाती है।

रिजल्ट आने से पहले BHEL का शेयर 2.72 प्रतिशत बढ़कर 318.80 पर बंद हुआ। पिछले एक साल में इसने 302.02 प्रतिशत रिटर्न दिया है। बीते 6 महीने में शेयर 125.86 प्रतिशत से ज्यादा चढ़ा है। कंपनी का मार्केट कैप 1.11 लाख करोड़ रुपए है।

BHEL एनर्जी और इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में भारत की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग और मैन्युफैक्चरिंग फर्म है। इस कंपनी को 1964 में स्थापित किया गया था। नई दिल्ली बेस्ड इस कंपनी की फाउंडर भारत सरकार है।

# टोक्यो टेक इंवेंट में फ्लाइंग कार का डेब्यू, जमीन–पानी दोनों पर उतर सकती है

नई दिल्ली। टोक्यो के एक इंटरनेशनल टेक इवेंट में पहली बार फ्लाइंग कार का डेब्यू हुआ। शहर के कोटो वार्ड में टोक्यो बिग साइट कन्वेंशन सेंटर के बाहर एक पार्किंग लॉट में पायलट के साथ इस कार ने 10 मीटर ऊपर तक उड़ान भरी। कार का नाम हेक्सा है, जिसे अमेरिकी कंपनी लिफ्ट एयरक्राफ्ट इंक ने डेवलप किया है।

हेक्सा के टॉप पर 18 प्रोपेलर लगे हुए हैं। यह 4.5 मीटर चौड़ी, 2.6 मीटर ऊंची है और इसका वजन लगभग 196 किलोग्राम है। ये सिंगल सीट कार है, जो जमीन और पानी दोनों पर लैंडिंग कर सकती है। भारत में भी महिंद्रा और मारुति सुजुकी समेत तीन कंपनियां इलेक्ट्रिक फ्लाइंग कार पर काम कर रही है।



अमेरिका के लास वेगास में जनवरी में हुए साल के सबसे बड़े टेक इवेंट कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स शो 2024 में चीनी कंपनी XPeng और हुंडई की एडवांस्ड एयर मोबिलिटी कंपनी सुपरनल ने अपनी फ्लाइंग कार शोकेज की थीं। इसके अलावा स्काई ड्राइव इंक, पाल-वी लिबर्टी और नेक्स्ट फ्यूचर आस्का भी अपनी फ्लाइंग कार डेवलप कर रही हैं।

XPeng एयरो HT ने अपनी फ्लाइंग कार CES -2024 में पेश की थी। इसका 2025 में बड़े पैमाने पर प्रोडक्शन किया जाएगा। फुली-इलेक्ट्रिक पायलटेड एयरक्राफ्ट वर्टिकल टेकऑफ/लैंडिंग और कम ऊंचाई वाली उड़ानों में सक्षम है। ये मैनुअल और ऑटोनॉमस फ्लाइट मोड को सपोर्ट करता है।

हुंडई की एडवांस्ड एयर मोबिलिटी कंपनी सुपरनल ने CES -2024 में अपनी इलेक्ट्रिक फ्लाइंग टैक्सी अनवील की थी। S-ए2 एक इलेक्ट्रिक वर्टिकल टेकऑफ़ और लैंडिंग व्हीकल है। ये 1,500 फीट की ऊंचाई पर 120 मील प्रति घंटे की रफ्तार से उड़ान भर सकेगी।

इसे 50-60 Km की यात्रा के लिए डिजाइन किया गया है। इसमें 8 टिल्टिंग रोटर और एक डिस्ट्रीब्यूटेड इलेक्ट्रिक प्रॉपल्शन सिस्टम है। सुपरनल ने 2028 में व्हीकल को आधिकारिक तौर पर लॉन्च करने की योजना बनाई है।

# एमडीएच और एवरेस्ट के 28 सैंपल में नहीं मिला एथिलीन आक्साइड, FSSAI ने जारी की रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** खाद्य नियामक भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने मंगलवार को कहा कि मान्यता प्राप्त लैबों में परीक्षण किए गए दो प्रमुख ब्रांडों एमडीएच और एवरेस्ट के मसालों के 28 सैंपलों में एथिलीन आक्साइड की मौजूदगी नहीं मिली है।

अभी मसालों को लेकर छह अन्य की रिपोर्ट आना बाकी हैं। पिछले दिनों हांगकांग और सिंगापुर द्वारा इन लोकप्रिय मसाला ब्रांडों पर सवाल उठाए जाने और इन मसालों में एथिलीन आक्साइड होने की बात कहते हुए प्रतिबंध लगाए जाने के बाद एफएसएसएआई ने देशभर से एमडीएच और एवरेस्ट सहित सभी ब्रांडों के मसालों के नमूने लेना शुरू कर किया था।

एफएसएसएआई ने बताया कि एवरेस्ट मसाले की दो निर्माण यूनिटों से नौ जबकि एमडीएच की 11 मैन्युफैक्चरिंग यूनिटों से 25 सैंपल लिए गए थे। कुल लिए गए 34 सैंपल में से 28 की रिपोर्ट आ गई है। हांगकांग के खाद्य सुरक्षा केंद्र ने उपभोक्ताओं को अनुमति से अधिक एथिलीन आक्साइड की उपस्थिति का हवाला देते हुए एमडीएच और एवरेस्ट के कुछ मसाले नहीं खरीदने के लिए कहा था।




**इन मसालों को किया गया बैन**

इन मसालों में एमडीएच का मद्रास करी पाउडर, एवरेस्ट फिश करी मसाला, एमडीएच सांभर मसाला मिश्रित मसाला पाउडर, एमडीएच करी पाउडर मिश्रित मसाला पाउडर आदि शामिल थे। सूत्रों के मुताबिक, 22 अप्रैल को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के खाद्य सुरक्षा आयुक्तों और एफएसएसएआई के क्षेत्रीय निदेशकों के माध्यम से देशभर में सैंपल लेने का अभियान शुरू किया गया था।

अब तक प्राप्त प्रयोगशाला रिपोर्टों की एफएसएसएआई के वैज्ञानिक पैनल ने जांच की और पाया कि नमूनों में एथिलीन आक्साइड की मौजूदगी नहीं मिली। यहां बता दें कि हांगकांग और सिंगापुर के अलावा नेपाल सहित कुछ अन्य देशों ने भी भारतीय मसालों का इस्तेमाल करना बंद कर दिया था।

# पेटीएम का चौथी-तिमाही में घाटा 228 प्रतिशत बढ़ा, यह 550 करोड़ रुपए रहा

**नई दिल्ली।** पेटीएम की पेरेंट कंपनी वन 97 कम्युनिकेशंस को वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में सालाना आधार पर 550 करोड़ रुपए का लॉस हुआ है। पिछले वित्त वर्ष यानी 2022-23 की समान तिमाही में घाटा 167.5 करोड़ रुपए था। यानी, कंपनी का घाटा 228त्न बढ़ गया है।

कंपनी के रेवेन्यू यानी आय में भी गिरावट आई है। जनवरी-मार्च तिमाही में पेटीएम का ऑपरेशन से रेवेन्यू 2,267 करोड़ रुपए रहा। पिछले साल की समान तिमाही में रेवेन्यू 2,334 करोड़ रुपए था। यानी, चौथी तिमाही में कंपनी का रेवेन्यू सालाना आधार पर 3 प्रतिशत गिर गया।

हालांकि, पूरे वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी का घाटा 2022-2023 की तुलना में कम हुआ है। 2023-24 में पेटीएम ने 1,422.4 करोड़ रुपए का घाटा दर्ज किया। 2022-2023 में ये 1,776.5 करोड़ रुपए था। यानी, घाटे में 19 प्रतिशत की कमी आई है।




वहीं पूरे वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी का रेवेन्यू बढ़ा है। 2023-24 में पेटीएम ने ऑपरेशन से 9,977.8 करोड़ रुपए का रेवेन्यू दर्ज किया। 2022-2023 में ये 7,990.3 करोड़ रुपए था। यानी, रेवेन्यू में 24.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

पेटीएम के शेयर में गिरावट आज गिरावट देखने को मिल रही है। कंपनी का शेयर सुबह 10:31 बजे 5.25 रुपए (1.49 प्रतिशत) की गिरावट के साथ 346.45 रुपए पर कारोबार कर रहा था। वहीं बीते एक साल में शेयर में 360.30 रुपए (50.99त्न) की गिरावट रही है। एक साल पहले यानी 22 मई 2023 को शेयर 706.65 रुपए पर था जो अब 346.55 रुपए पर आ गया है।

**पेटीएम वॉलेट और लोन प्रोडक्ट बंद होने से रेवेन्यू पर असर**

पेटीएम के फाउंडर और एमडी विजय शेखर शर्मा ने कहा- हमें लगता है कि चौथी तिमाही में हमारे कारोबार में आई रुकावटों के कारण हमारे रेवेन्यू और प्रॉफिटेबिलिटी पर असर पड़ेगा। पेटीएम वॉलेट के बंद होने के साथ कुछ अन्य पेमेंट और लोन प्रोडक्ट हमने रोक दिए थे। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि ऐसे कई प्रोडक्ट फिर से शुरू हो गए हैं या जल्द ही शुरू होने की प्रक्रिया में हैं।

**2009 में हुई थी पेटीएम की शुरुआत**

पेटीएम की पेरेंट कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस ने अगस्त 2009 में पेटीएम पेमेंट ऐप को लॉन्च किया था। अभी देश में पेटीएम के 30 करोड़ से ज्यादा यूजर हैं। पेटीएम का मार्केअ कैप 22.39 हजार करोड़ रुपए है।

# कससस की आम बैठक आयोजित



**ग्वालियर।** आदिम जाति कल्याण विभाग छात्रावास आश्रम शिक्षक अधीक्षक संघ जिला सतना की बैठक जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह परिहार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मैहर, सतना जिले के शिक्षक एवं अधीक्षक सम्मिलित हुए।

जिले के कार्यकारिणी के गठन पर आमसभा में विचार विमर्श उपरांत नाम प्रस्तावित कर प्रांतीय अध्यक्ष डा जवर सिंह अग्र के पास अनुमोदन हेतु भेजा जाएगा। इसके साथ जिले में विभिन्न समस्याओं कर्मचारियों के क्रमोन्नति, पदोन्नति स्थाई कर्मचारियों के नियमितीकरण के संबंध में विचार विमर्श किया गया। शीघ्र ही संघ के माध्यम से समस्याओं के समाधान कराए जाने के प्रयास किए जाएंगे। सभा को श्रीनिवास सतनामी, राम सिया जी कोल, एवं जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह परिहार ने संबोधित किया। इस अवसर पर श्रीनिवास सतनामी, प्रतिपाल सिंह, राम सिया कोल, श्रीमती सीमा सिंह, सतीष श्रीवास्तव, दिनेश प्रजापति, रामप्यारे भास्कर, भूपेंद्र सिंह जी, अमृतलाल कोल, शंकर प्रसाद चौधरी, विनोद सिंह, संदीप सिंह, उत्तम सिंह, मंटू प्रजापति, राम प्रसाद गुप्ता, प्रदीप सिंह जयशूर ,छोटेलाल कोल, शैलेंद्र पानिका, एस पी विद्यार्थी, श्रीमती सपना सिंह, संजुला सिंह, गायत्री पांडे, राकेश चौधरी उपस्थित थे। संचालन भूपेंद्र सिंह ने किया।

# श्वान फाउंडेशन ने बच्चों को पानी के सकोरे बांटे



**ग्वालियर।** श्वान फाउंडेशन द्वारा स्वस्थ पर्यावरण स्वस्थ जीवन मिशन के तहत डीडी नगर में ग्रीष्मकालीन शिविर में प्रशिक्षण ले रहे बच्चों के बीच जाकर उन्हें जलवायु परिवर्तन और उसके दुष्प्रभाव बताते हुए बच्चों के अपने घर आंगन में पक्षियों के लिए पानी रखने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्हें निशुल्क पानी के सकोरे वितरित किए। साथ ही पॉलिथीन के दुष्प्रभाव बताते हुए पॉलिथीन का उपयोग कम से कम करने और कपड़े का थैला को इस्तेमाल में करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही निशुल्क कपड़े के थैले वितरित किए। इस अवसर पर डॉक्टर मनु स्मृति पुरोहित, सोनाली वर्मा, मेघा कुशवाह, हिमांशु राठौर, मिसेज कोहली, श्वेता सक्सेना, सिद्धि जितेंद्र यादव, नम्रता सक्सेना, नितारा पुरोहित, हिमांशी, गरिमा, उत्कर्ष, यश आदि सदस्य उपस्थित थे।

# जानिए अक्षय उर्जा का लक्ष्य हासिल करने की स्थिति में कहां खड़ा है भारत

## राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र और कर्नाटक का अक्षय उर्जा में सबसे ज्यादा योगदान

मिनिस्ट्री ऑफ न्यू रिन्यूएबल एनर्जी के नए आंकड़ों के मुताबिक, भारत ने 2023-24 में रिकॉर्ड 18.48 गीगावॉट की अक्षय उर्जा क्षमता हासिल कर ली है, जो एक साल पहले के 15.27 गीगावॉट से 21 प्रतिशत अधिक है। हालाँकि, इंडस्ट्री एक्सपर्टस की मानें तो 2030 तक 500 गीगावॉट अक्षय उर्जा के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को पूरा करने के लिए अगले 6 सालों तक सालाना कम से कम 50 गीगावॉट अक्षय उर्जा क्षमता जोड़ने की आवश्यकता है।

30 अप्रैल 2024 के राज्यवार आंकड़े बताते है कि राजस्थान हाई सोलर एनर्जी वाला राज्य होने के नाते भारत की सोलर एनर्जी में क्षमता में 21,470 मेगावॉट का योगदान दे रहा है। इसके अलावा गुजरात करीब 13,798 मेगावॉट, महाराष्ट्र 6,309 मेगावॉट और कर्नाटक 8,718 मेगावॉट योगदान देता है।

राज्यों की बात करें तो अक्षय उर्जा की अनुमानित क्षमता के अनुसार राजस्थान की हिस्सेदारी सबसे अधिक लगभग 20.3 प्रतिशत और महाराष्ट्र, गुजरात और कर्नाटक की हिस्सेदारी मिलाकर 32 प्रतिशत है। गुजरात और राजस्थान में लगभग 27 गीगावॉट की सबसे बड़ी रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता है, इसके बाद तमिलनाडु में लगभग 22 गीगावॉट, कर्नाटक में लगभग 21 गीगावॉट और महाराष्ट्र में लगभग 17 गीगावॉट है। हिमाचल प्रदेश और आंध्र प्रदेश ने लगभग 11 गीगावॉट की अक्षय उर्जा क्षमता स्थापित की है।

राजस्थान में अदाणी ग्रीन की बात करें तो रिन्यूएबल एनर्जी में इनका यहां कुल 3,990 मेगावाट का ऑपरेशन है। इसमें ना सिर्फ सोलर एनर्जी, बल्कि वहां भारत का पहला दुनिया का सबसे बड़ा हाइब्रिड प्लांट भी स्थापित है। हाल ही में, अदाणी ने राजस्थान के जैसलमेर के देवीकोट में 180 मेगावाट का सौर ऊर्जा प्लांट चालू कर दिया है। ये प्लांट सालाना लगभग 540 मिलियन बिजली यूनिट का उत्पादन करेगा, 1.1 लाख से अधिक घरों को बिजली देगा और लगभग 3.9 लाख टन कार्बन डाईऑक्साइड का उत्सर्जन को कम करेगा। सबसे खास बात है कि यह प्लांट वाटरलेस रोबोटिक मॉड्यूल पर आधारित है जो बिना पानी के साफ-सफाई करने में सक्षम है साथ ही जैसलमेर के बंजर क्षेत्र में जल संरक्षण को सक्षम बनाता है। इसके अलावा एनर्जी नेटवर्क ऑपरेशन सेंटर (ईएनओसी), जो सुरक्षित डिजिटल क्लाउड प्लेटफॉर्म पर आधारित है



अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड गुजरात के खावड़ा में 2 हजार मेगावाट की सोलर कैपिसिटी स्थापित कर चुका है जिससे वो 10 हजार मेगावाट से ज्यादा उर्जा देने वाली देश की पहली कंपनी बन गई है। अदाणी का 10,934 मेगावाट का ऑपरेशनल पोर्टफोलियो 58 लाख से अधिक घरों को बिजली देगा और सालाना लगभग 2 करोड़ 10 लाख टन कार्बन डाईऑक्साइड उत्सर्जन से बचाएगा। 31 मार्च, 2024 के आंकड़ों के मुताबिक भारत की स्थापित अक्षय उर्जा क्षमता 143.64 गीगावॉट है, जिसमें 47 गीगावॉट बड़ी हाइड्रो इलेक्ट्रिक कैपेसिटी (प्रत्येक प्लांट 25 गीगावॉट या उससे अधिक) को छोड़कर है। अक्षय उर्जा क्षमता के बीच, कुल सोलर स्थापित क्षमता 81.81 गीगावॉट पर सबसे ज्यादा है, इसके बाद लगभग 46 गीगावॉट विंड एनर्जी, गीगावॉट बायोमास प्रोडक्शन 9.43 और 5 गीगावॉट स्मॉल हाइड्रो पावर (प्रत्येक 25 मेगावाट क्षमता तक) है।

**अक्षय उर्जा में सही दिशा में बढ़ रहा भारत का इन्फ्रास्ट्रक्चर**

भारत अक्षय ऊर्जा में महत्वपूर्ण वृद्धि की योजना बना रहा है जिससे अक्षय ऊर्जा क्षमता तीन गुना करने का लक्ष्य प्राप्त करना व्यवहार्य होगा। इसके अनुसार, भारत को 2030 तक अपनी करीब 32 प्रतिशत बिजली सौर ऊर्जा से और 12 प्रतिशत विंड एनर्जी से हासिल करनी होगी। इसके लिए भारत को अपनी एनईपी14 योजना में निर्धारित लक्ष्यों में शीर्ष पर 2030 तक 115 गीगावाट सौर ऊर्जा और नौ गीगावाट पवन ऊर्जा की अतिरिक्त उत्पादन क्षमता हासिल करनी होगी। इससे 2030 तक भारत की कुल अक्षय ऊर्जा उत्पादन क्षमता बढ़कर 448 गीगावाट सौर ऊर्जा और 122 गीगावाट पवन ऊर्जा तक पहुंच जाएगी। भारत का वर्तमान लक्ष्य 2030 तक गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से 500 गीगावॉट स्थापित बिजली क्षमता तक पहुंचना है। भारत को अपनी रिन्यूएबल एनर्जी कैपेसिटी का विस्तार करने और इसे आईईए के प्रस्तावित 'नेट-जीरो' करने के लिए 101 अरब डॉलर के अतिरिक्त फाइनेंस की जरूरत होगी। आईईए ने साल 2050 तक कार्बन डाईऑक्साइड के उत्सर्जन को 'नेट-जीरो' के स्तर पर पहुंचाने की वैश्विक रूपरेखा तैयार की है। ग्लोबल थिंक टैंक क्लाइमेट एनालिटिक्स के मुताबिक है कि साल 2030 तक जो देश अक्षय ऊर्जा को तीन गुना करने के अपने लक्ष्य को पा सकते हैं उसमें भारत भी शामिल हैं।

# 'सजिनी शिंदे का वायरल वीडियो' के वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर में पता लगाइए सजिनी का सच, 25 मई को रात 9 बजे, एंड एक्सप्लोर एचडी पर

एंड एक्सप्लोर एचडी 25 मई को रात 9 बजे 'सजिनी शिंदे का वायरल वीडियो' की एक मनोरंजक कहानी दिखाने जा रहा है। फिल्म मेकर मिखिल मुसले द्वारा निर्देशित यह फिल्म सजिनी शिंदे की एक रहस्यमय कहानी उजागर करती है, जिसकी जिंदगी एक वायरल वीडियो से पूरी तरह से तबाह हो जाती है। यह फिल्म एक स्कूल टीचर के जीवन पर आधारित है जो एक दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति के बीच खुद को लाचार पाती है और एक रहस्यमयी कहानी है जो सजिनी की सच्चाई सामने लाती है। एंड एक्सप्लोर एचडी 25 मई, रात 9 बजे इस 'अनरूटीन, अनएक्सपेक्टेड, अनफॉर्मूला' फिल्म के प्रीमियर के साथ दर्शकों में जबर्दस्त दिलचस्पी जगाने का वादा करता है।




फिल्म में निमरत कौर, राधिका मदान, भाग्यश्री, सुबोध भावे, सोहम मजूमदार और सुमीत व्यास सहित कई शानदार कलाकार शामिल हैं, जिनकी शानदार अदाकारी कहानी में गहराई और विश्वसनीयता दर्शाती है। एंड एक्सप्लोर एचडी ने फिल्म के टेलीविज़न प्रीमियर के साथ मेल खाने के लिए 'अनवायरल ऑनलाइन शेमिंग' नाम का एक अभियान भी लॉन्च किया है। इस अभियान का उद्देश्य ऑनलाइन शेमिंग के खतरों और वायरल कॉन्टेंट के कारण लोगों पर पड़ने वाले हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। फिल्म में सजिनी की दिल छू लेने वाली कहानी से प्रेरित यह अभियान जिम्मेदार ऑनलाइन व्यवहार के महत्व को लेकर लोगों से अपील करना चाहता है। ऐसा कॉन्टेंट शेयर करने से पहले सोचने की जरूरत है जो दूसरों को नुकसान पहुंचा सकता है। निर्देशक मिखिल मुसले बताते हैं, 'फिल्म की हर कास्टिंग का फैसला और हर जगह का चुनाव सावधानीपूर्वक किया गया था। राधिका और निमरत ने अपने किरदारों को पूरी गहराई और विश्वसनीयता से निभाने में बढ़िया काम किया है।' फिल्म की कहानी को लेकर मुसले ने कहा, 'सजिनी शिंदे की कहानी ऐसी है जिसके बारे में हर किसी को जानना चाहिए। यह फिल्म सजिनी की सच्चाई और उन परिणामों को उजागर करती है जिनका सामना उसे और उसके साथ गलत करने वाले लोगों को करना पड़ा। यह फिल्म कई किरदारों और जज्बातों का मिश्रण है, जिन्हें मैंने व्यक्तिगत रूप से अपनी जिंदगी में देखा है। यह कुछ ऐसा है जिस पर मैं वाकई यकीन रखता हूं। यह फिल्म सच्चाई और बनावट दोनों को उजागर करती है। जब 'सजिनी शिंदे का वायरल वीडियो' का प्रीमियर एंड एक्सप्लोर एचडी पर होगा तो मुझे सभी की प्रतिक्रिया का उत्सुकता से इंतजार रहेगा।'' प्रतिभाशाली एक्ट्रेस राधिका मदान ने कहा, 'इस फिल्म में मेरा किरदार एक साधारण लड़की का है, जो एक शिक्षिका, एक जिम्मेदार बेटी और एक प्यारी मंगेतर है, जिसकी जिंदगी बस एक वीडियो के वायरल होने से बदल जाती है। मैं खुद को खुशकिस्मत मानती हूं कि मुझे यह रोल निभाने का मौका मिला, क्योंकि इसके जरिए मैं दुनिया को इसके बारे में बता सकती हूं और इस मुद्दे को सामने ला सकती हूं। सजिनी के साथ जो होता है वो बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। आज के समय में यहां तक कि छोटी से छोटी चीज, जिसका कोई महत्व नहीं है, वायरल हो जाती है और हमारे लिए यह जरूरी है कि हम इस पर ध्यान ना दें। जहां 'सजिनी शिंदे का वायरल वीडियो' एंड एक्सप्लोर एचडी पर आ रही है, वहीं मैं दर्शकों के अपने घरों में आराम से सजिनी की कहानी देखने को लेकर उत्साहित महसूस कर रही हूं।'' निमरत कौर ने कहा, 'सजिनी शिंदे का वायरल वीडियो' में मेरा किरदार एक पुलिस वाली का है जो मामले की जांच करती है और सजिनी के लापता होने के पीछे की सच्चाई का पता लगाने का प्रयास करती है। यह एक बहुत ही रोमांचक किरदार है, पुरुषों के बीच एक महिला, जो बाहर से हमेशा सख्त रहती है ताकि लोग उसके औरत होने का फायदा ना उठा सकें। मुझे इंस्पेक्टर बेला बारोट का रोल निभाने में बहुत मजा आया। मुझे उम्मीद है कि एंड एक्सप्लोर एचडी पर यह फिल्म देखने में दर्शकों को उतना ही मजा आएगा जितना कि मुझे इस रोल को निभाते हुए आया।' अपने कैलेंडर पर तारीख मार्क कर लीजिए और 25 मई को रात 9 बजे एंड एक्सप्लोर एचडी पर 'सजिनी शिंदे का वायरल वीडियो' के वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर में शामिल हो जाइए। आप भी इस दमदार सिनेमाई पहल का हिस्सा बन जाइए जो पर्दे के पीछे छिपी परछाइयों का डटकर सामना करती है।

For More Informations – Please contact
PR24×7 ||
Breakfastnews@pr24×7.com ||
7803893363


# आंचल सिंह और अंकुर राठी की रियल लाइफ दोस्ती ने अनदेखी के ड्रामा को बनाया और भी बेहतरीन

**भोपाल।** 'अनदेखी' का नया सीजन 10 मई से सोनी लिव पर स्ट्रीम हो रहा है। तब से ही दर्शक उसकी दमदार कहानी, किरदारों और आकस्मिक घुमावों को देखकर रोमांचित हो रहे हैं। लेकिन इस शो में सचमुच जान डालने वाली चीज है आंचल सिंह और अंकुर राठी के बीच की बेहतरीन केमिस्ट्री। इस शो में आंचल दमन और अंकुर तेजी का किरदार निभा रहे हैं और शो के तीनों सीजन में उन्होंने दर्शकों का दिल जीता है। उनके बीच पर्दे के पीछे की दोस्ती भी पर्दे पर यह जादू चलाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

धोखेबाजी और ड्रामा वाले दिलचस्प दृश्यों के पीछे उनकी असल जिन्दगी में भी एक रिश्ता है, जो सीरीज में उनके प्रदर्शन को बेहतर बनाता है। आंचल के साथ अपने लगाव के बारे में बताते हुए अंकुर राठी ने कहा, ''आंचल एक बेहतरीन अभिनेत्री है, लेकिन असल जिन्दगी में दिखावा नहीं कर पाती हैं। उन्हें जो सही लगता है, वही उनसे होता है। और इसके लिये हिम्मत चाहिये, खासकर ऐसी इंडस्ट्री में, जहाँ लोग अक्सर अपनी महत्वाकांक्षाओं के चलते अपने मूल्यों से समझौता कर लेते हैं। मैं उन्हें एक प्रेरणा के रूप में देखता हूँ। अपनी कला को लेकर भी उन्हें कोई घमंड नहीं है। पहले तो वह सीन के बारे में सोचती है, फिर को-एक्टर के लिये और तब खुद पर ध्यान देती हैं। हमारे विचारों के बीच कोई मुकाबला नहीं होता है, बल्कि हमारे विचार मिलते हैं और फिर हम काम करते हैं। इस तरह साथ मिलकर कोई भी सीन करना मजेदार हो जाता है! 'अनदेखी' के कारण मुझे आंचल की कला और कॅरियर को अपने सामने बढ़ते देखने का मौका मिला। और पिछले 5 साल से हर बार जब भी हम इन किरदारों को दोहराते हैं, तब मुझे आंचल से कुछ नया सीखने को मिलता है। एक बात तो तय है कि दमन की लाइफ पार्टनर तेजी से बेहतर मेरे लिये आंचल बतौर एक सीन पार्टनर हैं।'' सीरीज का तीसरा सीजन जारी है और प्रशंसक इसमें ज्यादा ट्विस्ट, टर्न और ड्रामा देख सकते हैं। इसीलिये तो 'अनदेखी' सोनी लिव का एक अवश्य देखे जाने वाला शो है।

'अनदेखी' 3 अभी स्ट्रीम हो रहा है सिर्फ सोनी लिव पर!

# 'हीरामंडी' की भारी सफलता के बाद, रजत कौल अक्षय कुमार के साथ 'स्काई फ़ोर्स' में शामिल हुए, उन्होंने बताया कि कैसे ऊँ उन्हें जोड़ता है!



वैश्विक स्तर पर हलचल मचाने वाली संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बनी फिल्म 'हीरामंडी' की सफलता में 'इकबाल' के किरदार से दर्शकों को लुभाने के बाद, रजत कौल बहुप्रतीक्षित फिल्म 'स्काई फोर्स' में एक बार फिर दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार हैं। जहां वह बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अक्षय कुमार के साथ अभिनय करेंगे। यह सहयोग न केवल शानदार प्रदर्शन का वादा करता है बल्कि दोनों सितारों के बीच सौहार्द और साझा जड़ों का एक आनंदमय मिश्रण भी है। सिनेमा की दुनिया में, अभिनेताओं के पास अनोखे अनुष्ठान होते हैं जिनका वे अपनी भूमिकाओं में उतरने से पहले पालन करते हैं। रजत और अक्षय के लिए, इसमें एक साझा आदत शामिल है जो आध्यात्मिक सीमा पर है। इसे साझा करते हुए रजत ने कहा, 'लाइनें तैयार करते समय, अभिनेता अक्सर उन्हें लिख लेते हैं। एक बार, एक दृश्य का अभ्यास करते समय, मैं अक्की सर को अपनी स्क्रिप्ट के पन्नों के शीर्ष पर ऊँ लिखते हुए देखकर रोमांचित हो गया, जैसे मैंने किया था। ये छोटी चीजें वास्तव में हैं हमारे द्वारा साझा किए जाने वाले खूबसूरत बंधन को विकसित करने में हमारी मदद की।' जैसे-जैसे रजत कौल 'स्काई फ़ोर्स' के लिए तैयार हो रहे हैं, उत्साह स्पष्ट है। अक्षय कुमार के साथ यह सहयोग सिर्फ दो प्रतिभाशाली अभिनेताओं के एक साथ आने के बारे में नहीं है, बल्कि साझा विरासत और आपसी सम्मान में निहित दोस्ती के बारे में भी है। रजत के '24ःइंडिया', 'पठान' और हाल ही में रिलीज हुई 'हीरामंडी' जैसी परियोजनाओं के प्रभावशाली प्रदर्शन के साथ, 'स्काई फोर्स' बहुमुखी अभिनेता द्वारा एक और शीर्ष प्रदर्शन का वादा करता है।

# म.प्र. राज्य बॉक्सिंग अकादमी में खिलाड़ियों के चयन हेतु प्रतिभा चयन कार्यक्रम का आयोजन 24 मई से 11 जून तक

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश राज्य बॉक्सिंग अकादमी भोपाल में खिलाड़ियों (बोर्डिंग/डे-बोर्डिंग स्कीम) के चयन हेतु वर्ष 2024-25 के लिए प्रतिभा चयन कार्यक्रम का आयोजन 24 मई से 11 जून 2024 तक आयोजित किया जाएगा। उक्ताशय की जानकारी देते हुए जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी अनूपपुर ने बताया है कि प्रतिभा चयन का आयोजन जबलपुर में 24 मई, ग्वालियर में 27 मई, उज्जैन (बड़नगर) में 5 जून, इंदौर में 6 जून एवं भोपाल में 10 एवं 11 जून को होगा। चयन प्रक्रिया के लिए मापदंड निर्धारित है। प्रतिभा चयन में वर्ष 2006 एवं 2007 के जन्मतिथियों के खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। जिले के खिलाड़ी आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, मूल स्थायी निवासी प्रमाण पत्र की छायाप्रति सहित प्रतिभा चयन कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं। प्रतिभा चयन में सम्मिलित होने वाले प्रतिभागियों को आने-जाने का किराया एवं आवास, भोजन व्यवस्था स्वयं करनी होगी। इस संबंध में अधिक जानकारी हेतु मुख्य प्रशिक्षक रोशनलाल के मोबाईल नंबर 9893990581 पर संपर्क किया जा सकता है।

# एएससीआई की वार्षिक शिकायत रिपोर्ट जारी, हेल्थकेयर और ऑफशोर सट्टेबाजी के विज्ञापन सबसे अधिक उल्लंघनकारी के रूप में चिन्हित

## - 8,229 विज्ञापनों की जाँच में एएससीआई ने स्वतः निगरानी के माध्यम से 94 प्रतिशत को चिन्हित किया
## - ऑनलाइन सुरक्षा अभी भी चिंता का कारण है, जिसमें 85 प्रतिशत आपत्तिजनक विज्ञापन डिजिटल मीडिया से आते हैं

**मुंबई।** एड्वरटाईज़िंग स्टैण्डर्ड काउंसिल ऑफ इंडिया (एएससीआई) ने आज अपनी वार्षिक शिकायत रिपोर्ट (एनुअल कंप्लेंट्स रिपोर्ट) प्रकाशित की। रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2023-25 में आपत्तिजनक पाए जाने वाले विज्ञापनों का विस्तृत विश्लेषण किया गया है।

एएससीआई ने 10,093 शिकायतों की जाँच और 8299 विज्ञापनों की छान-बीन की। अधिकाँश उल्लंघन भ्रामक दावों से सम्बंधित थे जिनका अनुपात 81 प्रतिशत है। इसके बाद 34 प्रतिशत अनुपात के साथ वैसे विज्ञापन थे, जिनमें हानिकारक स्थितियों या उत्पादों को प्रचारित किया गया था (उन्ही विज्ञापनों को अनेक आपत्तियों के लिए संसाधित किया जा सकता है)। संसाधित विज्ञापनों में डिजिटल विज्ञापनों का अनुपात 85 प्रतिशत था जिनमें अनुपालन दर कम यानी 75 प्रतिशत पायी गई, जिसकी तुलना में प्रिंट और टीवी में विज्ञापनों की अनुपालन दर 97 प्रतिशत है। इससे उपभोक्ताओं की ऑनलाइन सुरक्षा के विषय में गंभीर प्रश्न खड़े होते हैं, जैसा कि पिछले साल भी उजागर किया गया था। संसाधित किये गए विज्ञापनों में से 94 प्रतिशत विज्ञापन एएससीआई द्वारा स्वतः चयनित किये गए थे।

एएससीआई द्वारा चयनित विज्ञापनों में से 49 प्रतिशत मामले में विज्ञापनकर्ताओं द्वारा कोई प्रतिवाद नहीं किया गया। आखिरकार 98 प्रतिशत मामलों में सुधार की ज़रूरत हुई, क्योंकि उनमें एएससीआई की संहिता का उल्लंघन पाया गया था।

इस साल, हेल्थकेयर सबसे अधिक उल्लंघन करने वाले सेक्टर के रूप में सामने आया है। उल्लंघन के सभी मामलों में इसका अनुपात 19 प्रतिशत है, जिसके बाद अवैध ऑफशोर सट्टेबाजी (17 प्रतिशत), पर्सनल केयर (13 प्रतिशत), परंपरागत शिक्षा (12 प्रतिशत), खाद्य और पेय (10 प्रतिशत), और रियल्टी (7 प्रतिशत) का स्थान है। सबसे ज्यादा उल्लंघनकर्ता वर्ग में बेबी केयर एक नया समावेश है, जिसमें बेबी केयर मामलों का 81 प्रतिशत योगदान इन्फ्लुएंसर प्रमोशन का है।

**- हेल्थकेयर सेक्टर द्वारा सबसे ज्यादा उल्लंघन किया जाता है, जिसके बाद अवैध ऑफशोर सट्टेबाजी/जुआ का स्थान है**
**- सभी मामलों में इन्फ्लुएंसर द्वारा उल्लंघन का अनुपात 21 प्रतिशत है**
**- इन चेतावनी देने वाले आंकड़ों को रोकने के लिए उत्तरदायी विज्ञापन पाठ्यक्रम की शुरुआत**

हेल्थकेयर सेक्टर में संसाधित किये गए 1575 विज्ञापनों में से 1249 में औषधि और चमत्कारिक उपचार (आपत्तिजनक विज्ञापन) अधिनियम, 1954 का उल्लंघन पाया गया और इनके बारे में सेक्टर के विनियामक को सूचित किया गया। हेल्थकेयर के 86 प्रतिशत विज्ञापन डिजिटल प्लैटफॉर्म्स पर दिखाए गए। अवैध सट्टेबाजी के लिए 1311 विज्ञापनों को आगे की कारवाई के लिए यथोचित प्राधिकारियों के पास भेजा गया। पर्सनल केयर में एएससीआई द्वारा जिन 1064 विज्ञापनों की जाँच की गई, उनमें से 95 प्रतिशत विज्ञापन ऑनलाइन आये और इनमें से आधे विज्ञापन (55 प्रतिशत) इन्फ्लुएंसर द्वारा खुलासा नहीं करने वाले मामले थे।

एएससीआई संहिता का उल्लंघन करने वाले विज्ञापनों में सेलिब्रिटीज लगातार दिखाई दे रहे हैं। एएससीआई ने सेलिब्रिटीज को दिखाने वाले 101 विज्ञापनों के विरुद्ध शिकायतों को प्रोसेस किया। इनमें से 91 प्रतिशत में बदलाव की ज़रुरत महसूस हुई। इन 101 विज्ञापनों में प्रदर्शित 104 सेलिब्रिटीज को सेलेब्रिटी गाइडलाइन्स का उल्लंघन करता हुआ चिन्हित किया गया, क्योंकि वे सम्यक तत्परता का कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर पाए थे। उल्लेखनीय है कि सम्यक तत्परता उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के अंतर्गत भी आवश्यक है। सेलेब्रिटी उल्लंघनों के लिए शीर्ष के पाँच उल्लंघनकर्ता वर्गों में पर्सनल केयर (22 प्रतिशत), खाद्य और पेय (21 प्रतिशत), अवैध सट्टेबाजी (20 प्रतिशत), हेल्थकेयर (9 प्रतिशत), और टिकाऊ वस्तुएं (6 प्रतिशत) शामिल हैं।

एएससीआई ने खुद की प्रक्रियाओं के माध्यम से आपत्तिजनक विज्ञापनों का संसाधन करने के अलावा, कानून का उल्लंघन करने के लिए 3200 विज्ञापनों को सीधे विभिन्न विनियामकों को प्रतिवेदित किया। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के पास भेजे गए 1311 ऑफशोर अवैध/सट्टेबाजी के विज्ञापनों और औषधि और चमत्कारिक उपचार (आपत्तिजनक विज्ञापन) अधिनियम, 1954 के संभावित उल्लंघन के लिए आयुष मंत्रालय को प्रतिवेदित 1249 हेल्थकेयर विज्ञापनों के अलावा दूसरे विज्ञापनों में रियल्टी (493 विज्ञापन), अल्कोहल पेय (82 विज्ञापन), और तम्बाकू और तम्बाकू आधारित उत्पाद (65 विज्ञापन) सम्मिलित थे।

इन प्रवृत्तियों पर काबू करने के लिए, एएससीआई ने एएससीआई एकेडमी के तत्वाधान में 'द एएससीआई गाइड टू रिस्पॉन्सिबल एडवरटाईजिंग' नामक एक सर्टिफिकेशन कोर्स (प्रमाणन पाठ्यक्रम) आरम्भ किया है। स्टूडेंट्स और प्रोफेशनल्स के लिए अभिकल्पित इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य विज्ञापन पारितंत्र को सपोर्ट करना, नैतिकतापूर्ण विज्ञापन मानदंड हासिल करना, और एएससीआई संहिता तथा विभिन्न नियमावलियों का अनुपालन करना और आपत्तिजनक विज्ञापन की घटना को कम करना है।

# पार्किंग में खड़ीं 4 गाड़ियां आग से जलकर नष्ट



## 30 लाख का नुकसान

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
**मुरैना/जौरा।** पुराना जौरा कस्बे में अलख मंदिर के पास स्थित निजी वाहन पार्किंग में अचानक आग लग गई। जिस वक्त आग भड़की वहां 10 कार खड़ी हुई थी, जिनमें से छह कारों को बाहर निकाल लिया गया, लेकिन चार वाहन जलकर खाक हो गए। इससे वाहन मालिकों का 40 लाख का नुकसान हुआ है।

जानकारी के अनुसार जौरा कस्बे में अलख मंदिर के पास भूकन शर्मा ने फोर-व्हीलर वाहनों को रखने के लिए ग्राउंड में दोनों ओर टीनशेड लगवा रखा है। इस निजी पार्किंग में जौरा कस्बे के तकरीबन दर्जनभर लोग अपने निजी वाहनों को खड़ा करते है। मंगलवार रात करीब 10.30 बजे जब एक कार चालक पार्किंग में अपनी गाड़ी रखने पहुंचा तो पार्किंग में रखी एक आई-20 कार में लपटें उठती देखीं। कार चालक ने तत्काल घटना की जानकारी पार्किंग स्वामी भूकन शर्मा सहित दमकल को दी। लेकिन जब तक फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची तब तक आग ने रौद्र रूप धारण कर लिया और पार्किंग में सुभाष शाक्य निवासी कोली पाड़ा की आई-10 कार, पचबीघा निवासी जगदीश मंगल की आई-20 कार, पुराना जौरा निवासी संजू रावत की स्विफ्ट डिजायर, सदर बाजार निवासी ओमप्रकाश बंसल उर्फ पिंकी की होंडा अमेज कार पूरी तरह से जलकर क्षतिग्रस्त हो गईं। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।

# गणना कर्मियों का प्रशिक्षण 30 मई एवं 03 जून को होगा

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
**मुरैना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 की मतगणना के लिये माइक्रो ऑव्जर्वर, काउटिंग सुपरवाइजर, काउटिंग असिस्टेंट का प्रशिक्षण 30 मई एवं 03 जून, 2024 को दिया जायेगा।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले ने बताया कि गणना कर्मियों का प्रशिक्षण 30 मई और 03 जून को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 01 मुरैना में अपरान्ह 3 से 5 बजे तक दिया जायेगा। 532 कर्मचारी गणना कार्य करेंगे। गणना का प्रशिक्षण शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 01 मुरैना के 16 कक्षों में दिया जायेगा। गणना प्रशिक्षण राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स द्वारा दिया जायेगा।

### ईटीबीपीएस की गणना के लिये प्रति टेबल पर दो कर्मचारी होंगे

जिला पंचायत द्वारा बताया गया है कि ईटीबीपीएस की गणना काउटिंग सुपरवाइजर और काउटिंग असिस्टेंट द्वारा की जायेगी।

# पहाड़गढ़ पुलिस ने पकड़ी सात पेटी अवैध शराब

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
**मुरैना।** पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान द्वारा जिले में अवैध शराब / मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों, विक्रय करने वालों एवं अवैध शराब का भण्डारण करने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु संपूर्ण मुरैना जिले में विशेष अभियान संचालित कराया जाकर जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अवैध शराब के कारोबार में लिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त अभियान के तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अरविन्द सिंह ठाकुर के निर्देशन एव एसडीओपी कैलारस रवि सोनेर के कुशल मार्गदर्शन में दिनांक 21.05.2024 को निरीक्षक राजेन्द्र सिंह परिहार थाना प्रभारी पहाड़गढ़ को दौराने इलाका भ्रमण जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम मामचोन में कुशवाह ढाबा के बाहर रखे काउंटर के नीचे एक व्यक्ति अवैध शराब रखकर बेच रहा है। मुखबिर की उक्त सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी पहाड़गढ़ द्वारा मय हमराह फोर्स के रवाना होकर मुखबिर द्वारा बताये स्थान कुशवाह ढाबा मामचोन पर पहुंचकर दबिश दी गई, तो एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा, जिसे हमराह फोर्स की मदद से घेराबंदी कर पकड़ा व उसकी दुकान के काउंटर के नीचे चक किया गया तो वहां 07 पेटी शराब की रखी मिली, जिसे खोलकर चैक करने पर एक पेटी में 15 क्वाटर अग्रेजो शनी विस्की, 05 पेटी देशी प्लेन शराब, 02 पेटी देशी लाल मसाला कुल 315 क्वाटर (56.700 बल्क लीटर) कीमती करीबन 32,750/- रूपये की पाई गई।



आरोपी से उक्त शराब के संबंध में वैध लायसेंस चाहा गया तो लायसेंस न होना बताया गया, आरोपी का उक्त कृत्य धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत दंडनीय होने से मौके पर से उक्त अवैध शराब को विधिवत जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया एवं थाना वापसी पर आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 117/24 धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### सराहनीय भूमिका

उक्त कार्यवाही में निरीक्षक राजेन्द्र सिंह परिहार थाना प्रभारी पहाड़गढ़, उनि. एनके गौरसिया सउनि रामबाबू निबोरिया, आरक्षक प्रदीप जाट, सुमित, राजेश, हरेन्द्र भदौरिया, मोहन अलावा, विक्रम भदौरिया व उमेश यादव, प्रधान आरक्षक चालक रामजीलाल की सराहनीय भूमिका रही।

# निरार पुलिस ने 10 हजार का इनामी धर दबोचा

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
**मुरैना।** पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान द्वारा जिला मुरैना में ईनामी फरारी बदमाशों एवं स्थायी वारंटियों की धरपकड़, अवैध हथियार तस्करों, अवैध शराब-मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु संपूर्ण मुरैना जिले में विशेष अभियान संचालित कराया जा रहा है। उक्त अभियान के तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अरविन्द सिंह ठाकुर के निर्देशन एवं एसडीओपी कैलारस रवि सोनेर के कुशल मार्गदर्शन में उनि शम्भूदयाल बाथम थाना प्रभारी निरार का जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि थाना निरार के अपराध क्रमांक 18/20 धारा 382, 392, 394 भादवि 11,13 एमपीडीपीके एक्ट इजाफा धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट में लगभग 04 वर्षो से फरार चल रहा आरोपी मनोज गुर्जर



पुत्र बीरबल गुर्जर उम्र 32 साल निवासी ग्राम गोटपुरा थाना तिघरा जिस पर 10 हजार रूपये का ईनाम भी उदघोषित किया गया है, वह चांचुल बंभपुरा जंगल कट प्वॉइंट पर आने वाला है। मुखबिर की उक्त सूचना की तस्दीक हेतु थाना प्रभारी निरार द्वारा मय हमराह फोर्स के मुखबिर द्वारा बताये स्थान के आस-पास एम्बूस लगाकर आरोपी का इंतजार किया गया तो कुछ समय बाद मौके पर आरोपी आता हुआ दिखाई दिया, जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा, जिसे हमराह फोर्स की मदद से घेराबंदी कर पकड़ा व आरोपी से हिकमत अमली से पूछताछ की गई तो उसके द्वारा अपना जुर्म स्वीकार किया गया बाद आरोपी से घटना में प्रयुक्त हथियार 315 बोर की अधिया बंदूक व एक जिन्दा राउन्ड बरामद कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय जौरा के समक्ष पेश किया गया।

### सराहनीय भूमिका

उक्त कार्यवाही में उनि शम्भूदयाल बाथम थाना प्रभारी निरार, प्रधान आरक्षक माधौसिंह, आरक्षक बीरेन्द्र कुशवाह, आरक्षक चन्द्रशेखर, हेमन्त रावत, शिवशंकर, आरक्षक चालक सुनील यादव की सराहनीय भूमिका रही है।

# पांच दिवसीय 69वीं सीनियर राज्य वॉलीबॉल चैंपियनशिप का हुआ भव्य शुभारंभ

### प्रदेश भर से 35 महिला और 40 पुरुष टीम पहुंची अम्बाह

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
**मुरैना/अम्बाह।** नगरपालिका परिषद एवं मध्यप्रदेश वॉलीबॉल फेडरेशन द्वारा आयोजित पांच दिवसीय 69वीं सीनियर राज्यस्तरीय महिला-पुरुष वॉलीबॉल चैंपियनशिप का भव्य शुभारंभ फ्लैशलाइट में पचासा मैदान पर हुआ। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता रूद्र प्रताप सिंह अध्यक्ष मध्यप्रदेश वॉलीबॉल फेडरेशन ने की। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व नपाध्यक्ष जिनेश जैन और विशिष्ट अतिथियों में हरिसिंह चौहान सचिव मध्य प्रदेश वॉलीबॉल संघ, मोहरसिंह तोमर जिलाध्यक्ष, उपदेश सिंह तोमर सचिव, संचालक नेशनल रेफरी अरविन्द मावई मंचासीन थे। इस अवसर पर रूद्र प्रताप सिंह अध्यक्ष मध्यप्रदेश वॉलीबॉल फेडरेशन



ने चम्बल अंचल की खेल परम्परा की सराहना करते हुए प्रतियोगिता के महत्व और उद्देश्य पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि की आसंदी से बोलते हुए नपाध्यक्ष अंजली जिनेश जैन ने कहा कि प्रदेश भर से 1000 से अधिक महिला पुरुष खिलाड़ियों का और उनके साथ है। नेशनल रेफरी वॉच मैनेजर प्रबंधकों का हम स्वागत करते हैं, साथ ही उत्कृष्ट खेल भावना को प्रोत्साहित करने हेतु हर सम्भव सहयोग का आश्वासन देते हैं। श्री जैन ने कहा कि हमने इस आयोजन को लेकर भव्य स्तर पर तैयारी की है और कोशिश की है कि खिलाड़ियों को खेलने के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। श्री जैन ने क्षेत्र वासियों से आयोजन में पधारने की अपील की और खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया मंच संचालन अरविन्द मावई ने किया।

# शिक्षक के हत्यारों पर कठोरतम कार्रवाई हो, पीड़ित परिवार को एक करोड़ की आर्थिक सहायता दी जाए: नरेश सिंह

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
**मुरैना।** शिक्षक घनश्याम सिकरवार की रेत माफिया द्वारा नृशंस हत्या पर मप्र शिक्षक संघ ने आक्रोश जताया है। पुरानी हाउसिंग बोर्ड स्थित संगठन कार्यालय पर आयोजित बैठक में शिक्षकों, शिक्षाविदों व प्रबुद्धजनों ने दोषियों को यथाशीघ्र पकड़कर उन पर कठोरतम कार्रवाई करने की मांग की है। संगठन का कहना है कि दोषियों को ऐसी सजा मिले जो आगे इस तरह के अमानवीय व घ्रणित कृत्य करने वालों के लिए नजीर बने। संभागीय अध्यक्ष डॉ नरेश सिंह सिकरवार ने कहा कि शिक्षक घनश्याम सिकरवार की हत्या से शिक्षकों के साथ सर्व समाज रोष में है। पुलिस प्रशासन की घोर लापरवाही के कारण रेत माफिया द्वारा शहर व गांवों की सड़कों पर रेत से भरे ट्रेक्टर दौड़ाकर आए दिन निर्दोष लोगों को मौत के घाट उता दिया जाता है। रेत के अवैध खनन के परिवहन के दौरान माफिया बेखौफ होकर मानवता को सड़कों पर रौंद रहा है। और प्रशासन मूक दर्शक बना रहता है। ऐसी घटना दोबारा न हो इसके लिए प्रशासन शिक्षक के हत्यारों पर कठोर कार्रवाई करे। साथ ही पीड़ित परिवार को एक करोड़ की आर्थिक सहायता दी जाए। डॉ. सिकरवार ने कहा कि खनन माफिया द्वारा एक निर्दोष शिक्षक को ट्रेक्टर से कुचलकर निर्मम हत्या कर दी गई। यह घटना न केवल अमानवीयता की पराकाष्ठा है, बल्कि यह हमारे समाज के संवेदनशील ताने-बाने को भी छिन्न-भिन्न कर देने वाली है। इस घृणित कृत्य की जितनी निंदा की जाए, उतनी ही कम है।



यह घटना यह स्पष्ट करती है कि रेत माफिया कानून और व्यवस्था को ताक पर रखकर अपने आपराधिक कृत्यों को अंजाम देने में किसी भी हद तक जा सकता है। मप्र शिक्षक संघ मांग करता है कि दोषियों पर कठोर कार्रवाई के साथ पीड़ित परिवार को एक करोड़ की आर्थिक सहायता राशि व बच्चों की शिक्षा की व्यवस्था की जाए। इस संबंध में संगठन का प्रतिनिधि सोमवार को मंडल कलेक्टर व एसपी को ज्ञापन सौपकर कार्रवाई की मांग करेगा। इस दौरान शिक्षक घनश्याम सिकरवार व एमएस डंडाली अम्बाह में पदस्थ शिक्षज मुरारी गुर्जर के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

बैठक में विमलेश यादव, डॉ. हरेन्द्र तोमर, रघुराज परमार, रामावतार सिंह चम्बल, रूप सिंग सिकरवार, सतंजय मिश्रा, जगदीश शर्मा, तिलक सिंह, कमलेश शर्मा, सत्यव्रत उपाध्याय, राजेन्द्र शर्मा, जगमोहन सेमिल आदि मौजूद रहे।

# जिला प्रशासन ने बाबा देवपुरी मंदिर पर मिठाई की दुकानों की फूड सैंपलिंग कराई

## दो बच्चों को मुक्त कराया

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
**मुरैना।** विगत टीएल बैठक में कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने श्रम, राजस्व और महिला बाल विकास विभाग को निर्देश दिये थे कि बाबा देवपुरी मंदिर पर बिना अनुमति के मिठाई की दुकानें संचालित की जा रही है। इसके साथ ही वहां नाबालिग बच्चे श्रम करते देखे गये हैं।



कलेक्टर के आदेश पर राजस्व विभाग की ओर से तहसीलदार, श्रम विभाग के लेबर इंस्पेक्टर राहुल शुक्ला, महिला बाल विकास विभाग की सीडीपीओ अपूर्वा चौधरी, खाद्य विभाग से श्रीमती किरन एवं पुलिस बल के साथ बुधवार को देवपुरी बाबा के मंदिर पर बनी मिठाई की दुकानों की फूड सैंपलिंग की गई। दुकानों की सीमांकन की कार्रवाई की राजस्व अधिकारियों ने की। वहीं श्रम विभाग द्वारा दो चाइल्ड लेबरों को मौके से मुक्त कराया गया।

# आगामी 2 महीने बाद श्री नागाजी सरोवर बन जाएगा पर्यटक स्थल, कार्य प्रगति पर

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
**मुरैना/पोरसा।** काफी संघर्षो के बाद श्री नागाजी सरोवर का अब हो रहा है। जीर्णोद्धार आगामी 2 महीने बाद जनता के सामने नागजी सरोवर एक पर्यटक स्थल के रूप में उभर कर सामने आएगा।

श्री श्री 1008 श्री नागाजी महाराज के कर कमल से सम्बद 1350 में निर्मित 11 बीघा का यह नागजी सरोवर जो आस्था का प्रतीक है, जिसमें हर असाध्य बीमारियां इसके स्नान करने से ठीक हो जाया करती थीं। सन् 1977 में इस पवित्र सरोवर को ग्रहण लग गया, तब उस वक्त ग्राम पंचायत ने शहर की गंदे पानी की नालियों को सरोवर में डाल दिया था, जिसके लिए समाजसेवियों ने बराबर संघर्ष किया। 1982 में ग्राम पंचायत पोरसा से नगर पालिका स्थापित हुई, तब से बराबर संघर्ष जारी रहा। 1990 में नागाजी सरोवर में जाने वाली सभी नालियों को बंद कराया दीया गया। उसके बाद इसके जीर्णोद्धार के लिए समाजसेवियों ने संघर्ष किया कई बार लोग भूख हड़ताल पर भी बैठे, उसके बाद नगर पालिका ने डीपीआर बनकर भोपाल भेजी गई। पूर्व केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने अपने प्रयासों से भोपाल में सरोवर की फाइल को स्वीकृत कराया। शासन ने 2 करोड़ 82 लख रुपए स्वीकृत किए। उसके बाद नगर पालिका ने टेंडर कराया। टेंडर होने के बाद इसका निर्माण कार्य शुरू हुआ। आज नागजी सरोवर में निर्माण कार्य चालू है। आने वाले समय में यह बनाकर पूरी तरह तैयार हो जाएगा। इसमें सरोवर में दो घाट 65 * 30 के बनाए जा रहे हैं तथा सरोवर में दो चबूतरा भी बैठक के लिए 20*33 बैठक आदि के लिए बनाए जा रहे हैं। एक टीनशेड साढ गुण 95 का तथा स्टेज भी बनाई गई है। सरोवर की सुंदरता के चारों तरफ जालीदार लाल पत्थर की 1500 फुट से अधिक जाली लगाई जा रही है, जो पूर्णता होने को है, जिसकी ऊंचाई 3 फीट है बची हुई जगह में ब्लॉक की सुंदरता बढ़ेगी।

# कर्मचारियों को पॉलीटेक्निक पर प्रातः 6 बजे पहुंचना होगा

**मुरैना।** जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 की मतगणना 04 जून, 2024 को की जायेगी। गणना में लगे 532 कर्मचारियों को पॉलीटेक्निक कॉलेज में प्रातः 6 बजे पहुंचना अनिवार्य रहेगा। जिसमें पोस्टल बैलेट की मतगणना प्रातः 8 बजे से होगी और ईव्हीएम की गणना प्रातः 8:30 बजे से प्रारंभ होगी।

# सिहोनिया में मनाया जाएगा मोक्ष कल्याणक महोत्सव

## श्री शान्तिनाथ विधान एवं महमस्तकाभिषेक भी होगा

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
**मुरैना/अम्बाह।** जैन अतिशय क्षेत्र सिहोनियाजी में जैन धर्म के 16वें तीर्थंकर भगवान शांतिनाथ का के जन्म, तप एवं मोक्ष कल्याणक महोत्सव 05 जून बुधवार को विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जाएगा। अतिशय क्षेत्र सिहोनियाँ जी कमेटी के संरक्षक जिनेश जैन एवं आशीष जैन सोनू द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी ज्येष्ठ कृष्ण चतुर्दशी बुधवार 05 जून को श्री शान्तिनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र सिहोनियाँ जी (मुरेना) मध्यप्रदेश में चक्रवर्ती तीर्थंकर भगवान शान्तिनाथ का जन्म, तप एवं मोक्ष कल्याणक मनाया जाएगा। इस महोत्सव के सम्पूर्ण धार्मिक अनुष्ठान प्रतिष्ठाचार्य पंडित राजेन्द्र जैन शास्त्री मगरौनी एवं संजय जैन शास्त्री सिहोनियाँ सम्पन्न कराएंगे।

क्षेत्र कमेटी के आशीष जैन सोनू ने बताया कि इस पावन एवं पुनीत अवसर पर श्री 1008 शान्तिनाथ विधान का आयोजन भी किया गया है। कार्यक्रम में जैन स्वर संगम सौरभ एंड पार्टी मुरेना विशेष रूप से मौजूद रहेगी महोत्सव में मांगलिक कार्यक्रमों के तहत प्रातः 07 बजे से श्री शान्तिनाथ भगवान का अभिषेक एवं शांतिधारा करते हुए विशेष पूजन किया जाएगा। ततपश्चात् श्री शान्तिनाथ विधान प्रारंभ होगा। प्रातः 10 बजे निर्वाण लाडू अर्पित किया जाएगा। इस अवसर पर 1008 कलशों द्वारा भगवान शान्तिनाथ का महामस्तकाभिषेक भी होगा। जैन युवा क्लब एवं सोनू मित्र मंडल द्वारा सभी आगन्तुक साधर्मी बन्धुओं के लिए भोजनादि की समुचित व्यवस्था की गई है।



सिहोनियाँ जी अतिशय क्षेत्र कमेटी के आशीष जैन सोनू, अध्यक्ष रविन्द्र जैन टिल्लू, उपाध्यक्ष नीलेश जैन, मंत्री विवेक जैन बंटी, कोषाध्यक्ष रवि जैन, सकल जैन समाज अम्बाह एवं मुरेना ने सभी साधर्मी बन्धुओं से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

# मासूम पर कट्टा अड़ाकर बदमाशों ने दंपत्ति से नकदी-जेवरात लूटे

## मंगलवार की रात को कैलारस क्षेत्र में हुई वारदात, बाइक पर सवार होकर आए थे दो बदमाश

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
**मुरैना/कैलारस।** कैलारस क्षेत्र में बृजगढ़ी जाने वाले रास्ते पर मंगलवार की रात को बाइक सवार दंपत्ति के मासूम बच्चे पर कट्टा अड़ाकर दो बदमाश सोने के जेवरातों सहित 7 हजार नकदी लूट कर ले गए। पुलिस ने केस दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार केशव कुशवाह 22 पुत्र गनपति कुशवाह निवासी कुलैथ तिगरा ग्वालियर मंगलवार की शाम को अपनी पत्नी और मासूम बेटे को साथ लेकर बाइक से बृजगढ़ी की ओर जा रहा था। इसी दौरान जब केशव अपने परिवार के साथ लुधाया-रजपुरा गांव के बीच से गुजर रहा था। तभी पीछे से एक बाइक पर सवार होकर आए दो बदमाशों ने उन्हें ओवरटेक किया और आगे जाकर उनकी बाइक रोक ली। बदमाशों ने कट्टा निकाला और केशव के मासूम बच्चे पर अड़ा दिया। जिसके बाद बदमाश केशव की पत्नी से सोने का मंगलसूत्र, कान के झुमके सहित 7 हजार रूपये नकदी लूट कर भाग निकले। लूट की घटना से पीड़ित केशव और उसकी पत्नी ने कैलारस थाने पहुंचकर पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध लूट, डकैती की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। पुलिस सरगर्मी से बदमाशों की पतारसी कर रही है।

**In The Court Of District and Session Judge, District Court, Morena**
**Presiding Officer: श्री राजाराम भारतीय**
**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)**
(MJC /0000055/2024)
**श्रीमती रश्मि सक्सैना......................वादी**
Vs
**सर्व साधारण............................प्रतिवादी**
process Id-/2024
**पेशी दिनांकः- 23/07/2024**

प्रेषिती-
(1) सर्व साधारण पता- मुरैना एम.पी.

सर्व साधारण/आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती रश्मि सक्सैना पत्नी स्व. श्री आदित्य श्रीवास्तव आयु 44 वर्ष निवासी- संजय कॉलोनी मुरैना हाल निवासी- कृष्णा कॉलोनी अम्बाह जिला मुरैना म.प्र. के द्वारा अपने स्व. पति श्री आदित्य श्रीवास्तव के फंड एवं बैंक में जमाशुदा राशि के संबंध में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र हेतु विचारण न्यायालय के समक्ष आवेदन धारा 372 प्रस्तुत किया गया था जिसे विचारण न्यायालय द्वारा निरस्त किया गया है, के विरुद्ध इस न्यायालय के समक्ष अपील भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 की धारा 384 के अंतर्गत प्रस्तुत की गयी है।

सर्व साधारण को इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर आवेदन का उत्तर देने के लिए उपसंजात/हाजिर होने के लिए सम्मन किया जाता है। सर्व साधारण में से यदि किसी को उक्त सम्पत्ति में कोई आपत्ति हो या कोई व्यक्ति हित रखता हो, न्यायालय में स्वयं किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस प्रकरण से संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करायें।

यह आज तारीख 11 मई 2024 को मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**न्यायालय की मुद्रा**
टिप्पणीः- नकल संलग्न

**राजाराम भारतीय**
**प्रधान जिला न्यायाधीश मुरैना**
**जिला मुरैना (म.प्र.)**

**कृपया ध्यान दें:-**
1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

# निगम ने गंदगी फैलाने वालों से वसूला जुर्माना



ग्वालियर। शहर में चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के दौरान स्वच्छता बनाये रखने के साथ ही आमजनों से स्वच्छता में सहयोग की अपील नगर निगम द्वारा की जा रही है। इसके बाद भी नहीं मानने वालों के खिलाफजुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वैभव श्रीवास्तव ने बताया कि नगर स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के तहत शहर को साफ सुथरा बनाए रखने के लिए निरंतर जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके बाद भी कोई गंदगी फैलाता है तो उसके खिलाफ जुर्माने की कार्यवाही त्वरित की जा रही है। जिसके तहत बुधवार को ग्वालियर विधानसभा के स्वास्थ्य अधिकारी अजय ठाकुर के निर्देशन मे वार्ड 5 में अवैध भैंस डेरी द्वारा गंदगी फैलाने पर 1000 रूपए का जुर्माना वसूल किया गया। इसके साथ ही भेंसो को शहर से बाहर ले जाने के निर्देश दिए। साथ ही टोयोटा कार शोरूम द्वारा सडक पर गंदगी फैलाने पर 4000 रूपये का जुर्माना वसूल किया गया। कार्यवाही के दौरान जेडएचओ एवं डब्ल्यूएचओ उपस्थित रहे। ग्वालियर पूर्व विधानसभा में स्वास्थ्य अधिकारी किशोर चौहान के निर्देशन में फ्लाइंग स्क्वाड द्वारा चालानी कार्रवाई की गई। जिसमें ग्वालियर पूर्व विधानसभा में विभिन्न जगहों पर गंदगी फैलाने वाले एवं डस्टबिन नहीं होने के कारण कार्रवाई कर 9500 रूपये का जुर्माना वसूल किया गया। ग्वालियर दक्षिण विधानसभा में स्वास्थ्य अधिकारी भीष्म कुमार पमनानी के निर्देशन में गुड़ा गुड़ी नाका रोड़ पर मेडिकल, किराने की दुकान एवं नाश्ता वाली दुकान पर गंदगी फैलाने पर 3250 रूपये का जुर्माना किया गया। साथ ही ग्रामीण विधानसभा में सहायक स्वास्थ्य अधिकारी विवेक त्यागी के निर्देशन में वार्ड क्रमांक 66 में गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माने की कार्यवाही करते हुए 4250 रूपये का जुर्माना वसूल किया गया।

# नौकरी देने वाले बनो नौकरी मांगने वाले नहीं: ऐरन

**– 245 अग्र परिवारों ने एक छत के नीचे रिश्ते ढूंढे**




ग्वालियर। अग्रवाल समाज द्वारा आयोजित श्री महाराजा अग्रसेन समर मेले का समापन बुधवार को हो गया। समर मेले में तीन दिन तक एक ही मंच पर 615 युवक युवतियों ने अपना परिचय दिया और विवाह के लिए जीवनसाथी की तलाश की।

मंच पर परिचय देते हुए युवती ने कहा की बिजनेस मैन हो मेरा जीवन साथी, क्योंकि व्यापार में आगे बढ़ने की बहुत चांस है। युवकों ने अपना परिचय देते हुए कहा कि हम आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति के परिवार को अपने जीवन साथी को चुनेंगे। कार्यक्रम में सांसद विवेक नारायण शेजवलकर, पूर्व विधायक प्रवीण पाठक, कैलाश मित्तल पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, श्रीमती गिरजा गर्ग जिला मंत्री भाजपा, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष मुरैना विष्णु अग्रवाल, उपाध्यक्ष चेंबर राकेश अग्रवाल, अशोक गोयल समाजसेवी उपस्थित थे। कार्यक्रम में राजेश ऐरन राष्ट्रीय ने कहा कि समाज को जागृत होना होगा और नौकरी की लाइन में ना लगाते हुए अपने बेटे और बेटियों को व्यापार की ओर अग्रसर करना होगा। हमारी पहचान ही व्यापार से है। इस अवसर पर ग्वालियर शहर में सामाजिक क्षेत्र में सेवा कार्य कर रही संस्थाओं को सम्मानित किया गया।

# लायंस क्लब ग्वालियर श्रील की बागडोर युवाओं के हाथ, मंदीप सिंह कुशवाहा बने सचिव




ग्वालियर। लायंस क्लब ग्वालियर श्रील ने वर्ष 2024-25 की कार्यकारिणी की घोषणा की। जिसमे वर्तमान क्लब अध्यक्ष डॉ मयंक श्रीवास्तव ने वर्ष के कार्यों का विवरण दिया व लायन अंकुर अग्रवाल को प्रेसिडेंट, लायन मनदीप सिंह कुशवाह को सचिव एवं डॉ रुचि को ट्रेजरर पद पर आधिकारिक घोषणा करते हुए लायन नीरज सक्सेना क्लब ऐडमिनिस्ट्रेटर, लायन सागर श्रीवास्तव वाइस प्रेसिडेंट, लायन नरेश सिंह कुशवाह सह सचिव, लायन एचसी वर्मा को चीफ प्रोग्राम कॉर्डिनेटर, लायन हैरी गुप्ता को कॉर्डिनेटर, लायन डॉ दिवाकर कुलश्रेष्ठ एलसीआईएफ कोऑर्डिनेटर, लायन जीएस पाल क्लब मैंबरशिप चेयरपर्सन, लायन एव्ही जुवेकर क्लब रिटेंशन चेयरपर्सन पद पर नियुक्त किया गया। इस अवसर पर लायन सूबे मेजर मनोज पाण्डेय, सचिव लायन संदीप बंसल सहित क्लब के गणमान्य सदस्य उपस्थित थे।







चित्रकूट। प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा व वरिष्ठ पत्रकार देवेश शर्मा ने गत दिवस चित्रकूट धाम में मानस मर्मज्ञ श्री रामभद्राचार्य जी के दर्शन कर धर्मलाभ प्राप्त किया। इस दौरान डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने विभिन्न मंदिरों पर जाकर भगवान के दर्शन किए तथा आध्यात्मिक चर्चा भी की।

# निगम ने विभिन्न जगहों पर की फॉगिंग

ग्वालियर। संक्रामक बीमारियों एवं मच्छरों की रोकथाम के लिए नगर निगम द्वारा सभी वार्डों में फॉगिंग एवं कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराया जा रहा है। जिसके तहत बुधवार को विभिन्न वार्डों में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव एवं फॉगिंग कराई गई। मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ वैभव श्रीवास्तव ने बताया कि शहर के सभी वार्ड की गलियों एवं मोहल्लों में निरंतर साफ-सफाई एवं फॉगिंग का कार्य कराया जा रहा है। जिसके तहत वार्ड 40 की विभिन्न गलियों में, ओफे की बगिया, किरार कॉलोनी, इंद्रमणी नगर, पिंटो पार्क, सीपी कॉलोनी, गदाईपुरा, हनुमान कॉलोनी, गोल पहाडिया की विभिन्न गलियों में, मोतीझील, ट्रांसपोर्ट नगर, महावीर चौक सहित विभिन्न क्षेत्रों में फॉगिंग कार्य किया गया। इसके साथ ही शहर के अन्य भागों में भी कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराया गया।

# स्मार्ट सिटी के कार्यों को समय से पूरा करने के लिए हर दिन की कार्य योजना बनाएँ: कलेक्टर



ग्वालियर। स्मार्ट सिटी के निर्माणाधीन कार्यों को समय पर व गुणवत्ता के साथ पूरा कराने के लिए हर कार्य की प्रतिदिन की कार्ययोजना बनाएँ। साथ ही कार्ययोजना पर गंभीरता से अमल करें। इसमें कोई ढिलाई न हो। जो ठेकेदार (निर्माण कंपनी) वर्क प्लान के अनुसार काम न करे उस पर पैनल्टी लगाएँ। इस आशय के निर्देश कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने स्मार्ट सिटी के तहत चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान दिए। उन्होंने महाराज बाडा क्षेत्र में निर्माणाधीन मल्टी लेवल पार्किंग सहित अन्य कार्यों में हो रही अनावश्यक देरी पर नाराजगी जताई और संबंधित सहायक यंत्री व उपयंत्रियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि स्मार्ट सिटी के अधीक्षण यंत्री, कार्य पालन यंत्री, सहायक यंत्री व उपयंत्री दफ्तर में न बैठें, कार्य स्थल पर मौजूद रहें।

कलेक्टर श्रीमती चौहान ने स्मार्ट सिटी की सीईओ श्रीमती नीतू माथुर व अधीक्षण यंत्री सुबोध खरे को निर्देश दिए कि स्मार्ट सिटी के शेष कामों को पूरा कराने के लिए हर दिन व हर हफ्ते का वर्क प्लान बनाकर उसका कड़ाई से पालन कराएँ। उन्होंने कहा कि वर्क प्लान के अनुसार हर कार्य पर प्रतिदिन निर्धारित श्रमिक, मशीनें व मटेरियल उपलब्ध रहना चाहिए। कलेक्टर ने फोटोग्राफ सहित प्रत्येक कार्य की भौतिक व वित्तीय प्रगति प्रस्तुत करने के निर्देश अधीक्षण यंत्री को दिए हैं। साथ ही स्पष्ट किया कि यदि कार्यों में अपेक्षित प्रगति सामने नहीं आई तो उपयंत्रियों व सहायक यंत्रियों के साथ-साथ कार्यपालन यंत्री व अधीक्षण यंत्री भी जवाबदेह होंगे। बैठक में कलेक्टर श्रीमती चौहान ने स्मार्ट सिटी के कार्यों की एक-एक कर बारीकी से समीक्षा की। इन कार्यों में शिक्षा नगर में निर्माणाधीन स्कूल भवन, आईएसबीटी (अंतर राज्यीय बस अड्डा), शासकीय मुद्रणालय व पुराने नगर निगम कार्यालय भवन का जीर्णोद्धार, निर्माणाधीन स्मार्ट वाशरूम, शहर के प्रवेश द्वार, कटारे फॉर्म हाउस क्षेत्र में थीम पार्क (डिजनी,ट्रेफिक, फॉरेस्ट व विज्ञान थीम ) व कनवेंशन सेंटर, ग्वालियर किले पर फसाड लाइटिंग, पड़ाव-हजीरा रोड, गुड़ी गुडा का नाका- चिरवाई रोड, न्यू कलेक्ट्रेट से रेल्वे ट्रेक होते हुए चन्द्रवदनी नाका रोड, महाराज वाड़े पर मल्टी लेवल पार्किंग, डिजिटल म्यूजियम, शहर के तिराहों-चौराहों की लेफ्ट टर्न फ्री करने का काम, नगर निगम म्यूजियम अपग्रेडेशन, ललित कला संस्थान में ऑडोटोरियम का निर्माण एवं रूफटोप सोलर पैनल का कार्य सहित स्मार्ट सिटी के अन्य कार्य शामिल हैं। स्मार्ट सिटी की सीईओ श्रीमती नीतू माथुर ने स्मार्ट सिटी के कार्यों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने स्मार्ट सिटी की सीईओ को निर्देश दिए कि नगर निगम के साथ समन्वय बनाकर आईएसबीटी (अंतर राज्यीय बस अड्डा) के सुव्यवस्थित संचालन के लिए पुख्ता प्लान तैयार करें। स्थिति स्पष्ट होना चाहिए कि आईएसबीटी का संचालन नगर निगम करेगा या फिर कोई और एजेंसी। उन्होंने कहा इसी तरह स्मार्ट सिटी की अन्य परियोजनाओं के पूर्ण होने के बाद उनके संचालन की कार्य योजना भी पहले से ही तैयार कर लें।

# कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक ने पॉलीटेक्निक कॉलेज पहुंचकर मतगणना की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

## मुरैना विधानसभा में 18 और सभी विधानसभा में 14-14 टेबलों पर होगी गणना

**अम्बाह की 118, दिमनी की 119, मुरैना की 123, सुमावली की 108, जौरा की 120 और सबलगढ़ की 124 नं. रूम में होगी गणना**



-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
मुरैना। लोकसभा निर्वाचन 2024 की मतगणना 04 जून, 2024 को शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज मुरैना में की जायेगी। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित अस्थाना, पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान ने मतगणना तैयारियों का जायजा लिया। कलेक्टर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये कि गणना की सभी तैयारियां 25 मई तक पूर्ण हो जायें, 25 मई को पुनः सभी अधिकारियों के साथ पॉलीटेक्निक कॉलेज का निरीक्षण किया जायेगा। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले, पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन यंत्री श्री जादौन, विद्युत मंडल के श्री सचदेवा, एनआईसी के सुनील त्यागी, पॉलीटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य श्री सक्सेना सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।
कलेक्टर अंकित अस्थाना ने कहा कि मुरैना विधानसभा क्षेत्र के लिये 18 और 05 विधानसभाओं के लिये 14-14 टेबलों पर गणना की जायेगी। पॉलीटेक्निक कॉलेज में अम्बाह विधानसभा की गणना रूम नंबर 118, दिमनी विधानसभा की गणना रूम नंबर 119, मुरैना विधानसभा की गणना रूम नंबर 123, सुमावली विधानसभा की गणना रूम नंबर 108, जौरा विधानसभा की गणना रूम नंबर 120 और सबलगढ़ विधानसभा क्षेत्र की गणना रूम नंबर 124 में होगी। कलेक्टर ने बताया कि इसी प्रकार रूम नंबर 126 में ईटीपीबी और रूम नंबर 125 में पीबी की गणना की जायेगी।
कलेक्टर ने बताया कि रूम नंबर 108 और 124 में पहुंचने के लिये पॉलीटेक्निक कॉलेज के पूर्व दिशा की ओर से लोहे के बनाये गये झीने से पॉलिंग एजेन्टों को प्रवेश दिया जायेगा। रूम नंबर 119, 123 में पॉलिंग एजेन्टों को पहुंचने के लिये पॉलीटेक्निक कॉलेज के पिछले हिस्से यानी उत्तर दिशा के गेट से प्रवेश मिलेगा, उसके बाद लोहे के झीने से अपने-अपने कक्षों में पहुंच सकेंगे। इसी प्रकार कक्ष क्रमांक 118 और 124 में पहुंचने के लिये एजेन्टों को बेटनरी डिपार्टमेन्ट के गेट से सीमेन्ट के झीने से प्रवेश मिलेगा।
कलेक्टर ने बताया कि गर्मी को ध्यान में रखते हुये गणना कक्षों में कूलर, एसी का प्रबंध किया जा रहा है। इस प्रकार पॉलिंग एजेन्ट और गणना कर्मियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, सभी व्यवस्थाओं को ध्यान पूर्वक रखते हुये व्यवस्थायें कराई जा रही है।
पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि मतगणना के लिये पॉलीटेक्निक कॉलेज पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये जा रहे है। इसके लिये कर्मचारियों को प्रवेश के लिये अलग रास्ते होंगे और एजेन्टों को कक्षों में पहुंचने के लिये अलग रास्ते होंगे।

# सड़क हादसे में शिक्षक की मौत

**बरेह गांव के चौराहे पर अज्ञात बाइक सवार ने टक्कर मारी**

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
मुरैना। बीआरसी दफ्तर अंबाह में पदस्थ एक शिक्षक की बुधवार को सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसा बरेह गांव के चौराहे पर होना बताया जा रहा है। शिक्षक गांव से दफ्तर जाने के लिए चौराहे पर खड़े होकर वाहन का इंतजार कर रहे थे, तभी किसी अज्ञात बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी।
मिली जानकारी के मुताबिक बरेह गांव निवासी शिक्षक मुरारी सिंह गुर्जर 50 पुत्र सोबरन सिंह गुर्जर बीआरसी अंबाह के दफ्तर में पदस्थ थे। बुधवार की सुबह करीब दस बजे मुरारीसिंह घर से दफ्तर जाने के लिए निकले थे। जब वे बरेह गांव के चौराहे पर अंबाह जाने के लिए वाहन का इंतजार कर रहे थे। तभी तेज रफ्तार में आए एक अज्ञात बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। जख्मी हालत में उन्हें अंबाह अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से मुरैना रैफर कर दिया। जिला अस्पताल मुरैना में चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया। समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया था।

# एसपी ने सायबर अपराधों की रोकथाम के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश



-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
मुरैना। वर्तमान समय में घटित हो रहे सायबर फ्रॉड / सायबर संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने, उन पर तत्काल कार्यवाही करने, पीडित पक्ष को त्वरित राहत पहुंचाये जाने के उद्देश्य से केन्द्रीय गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा ऑनलाइन संचालित किए जा रहे NCRP Portal पर प्राप्त होने वाली सायबर फ्रॉड की शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही एवं लंबित आवेदन पत्रों की जिला स्तर पर समीक्षा हेतु पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अरविन्द सिंह ठाकुर द्वारा पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल पुलिस लाइन मुरैना में जिले के समस्त अनुविभागीय पुलिस अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों की बैठक आयोजित की गई है। उक्त बैठक के दौरान श्रीमान पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि फायनेंशियल फ्रॉड के संबंध में NCRP सायबर पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन एवं सायबर हेल्पलाईन नम्बर 1930 के माध्यम स प्राप्त होने वाली शिकायतों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें, साथ ही बताया गया कि किसी व्यक्ति का मोबाइल फोन गुम हो जाने पर थाना द्वारा NCR दर्ज की जाकर संबंधित पीडित व्यक्ति को CEIR Portal पर उक्त गुम हुए मोबाइल फोन के संबंध में जानकारी अपडेट किये जाने हेतु समझाईश देवें। ऑनलाईन फ्रॉड के शिकार हुए व्यक्ति को तत्काल सायबर हेल्प लाईन नम्बर 1930 व NCRP सायबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज करने हेतु समझाईश देवें तथा उनकी शिकायत ऑनलाईन सायबर पार्टल पर दर्ज करें, जिससे कि समय रहते फरियादी के साथ हुई धोखाधड़ी को राशि को फ्रीज कराकर राशि संबंधित व्यक्ति को वापिस करायी जा सके तथा समस्त थाना प्रभारियों को निदेर्शित किया गया कि वह अपने-अपने थाना क्षेत्र अन्तर्गन्त बैनर पोस्टर लगाकर एवं समय-समय पर सायबर जागरुकता अभियान चलाकर लोगो को सायबर अपराध के सम्बन्ध में जानकारी देवें, जिससे लोग सायबर अपराधों से बच सकें। साथ ही पुलिस अधीक्षक द्वारा सीएम हैल्पलाइन पोर्टल पर लंबित शिकायतों के शीघ्र अतिशीघ्र निराकरण एवं IRAD Portal पर दुर्घटनाओं, वाहनों आदि के संबंध में समय पर जानकारी अपडेट कराया जाना सुनिश्चित करें।
मुरैना पुलिस समस्त जिलेवासियों से अपील करती है कि सायबर फ्रॉड होने पर तत्काल Cyber Helpline No:- 1930 या www.cyber-crime.gov.in पर शिकायत दर्ज करावें ।

# डॉ. श्वेता झा विद्यावाचस्पति की उपाधि (पी.एच.डी. डिग्री) से सम्मानित



-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
ग्वालियर। पूर्व सांसद व भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री प्रभात झा तथा श्रीमती रंजना झा की पुत्रवधू एवं तुष्मुल झा की धर्मपत्नी डॉ.श्वेता झा को बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय भोपाल (मध्यप्रदेश) व्दारा उनके शोध का विषय 'मध्यप्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा संस्थानों में कार्यबल विविधता और मानव संसाधन चुनौतियों का प्रबंधन' में विद्यावाचस्पति की उपाधि (पी.एच.डी. डिग्री) से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह उपाधि लक्ष्मी नारायण कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी (एल.एन.सी.टी.) भोपाल के मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एम.बी.ए.) के प्रोफेसर एवं निदेशक डॉ. मुकेश चंसोरिया तथा चक्रवर्ती राजगोपालाचारी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (सीआरआईएम) के निदेशक एवं प्रबंधन बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता संकाय डॉ. विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में प्रदान की गई है।
डॉ.श्वेता झा को उक्त उपाधि से सम्मानित किये जाने पर ने अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण सभा जिला ग्वालियर के अध्यक्ष अरविन्द जैमिनी, राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर के कुलसचिव अनिल सक्सैना, शैलेन्द्र सिंह यादव, ललित नागपाल, अरविंद मिश्रा प्रदेश उप महामंत्री भारतीय मजदूर संघ मध्य प्रदेश, मनीष शर्मा गरगज कॉलोनी,डॉ.संदीप कुलश्रेष्ठ, डॉ.राकेश रायजदा, धीरज बंसल, आदि ने शुभकानमाएं दी हैं।

## विभिन्न स्थानों से निगम अमले ने हटाया अस्थाई अतिक्रमण

ग्वालियर । नगर निगम के मदाखलत अमले ने सुगम यातायात एवं नागरिकों की सुविधा के लिए निरंतर अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। मदाखलत अधिकारी शैलेन्द्र चौहान ने बताया कि शहर में सुगम यातायात हो इसके लिए प्रतिदिन यातायात में बाधक अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही कर रहा है। जिसके तहत बुधवार को बारादरी चौराहा, सदर बाजार, अग्रसेन चौराहा, खुला सन्तर रोड, रामलीला मैदान रोड, अल्पना टॉकीज रोड, गरम सडक, छह नम्बर चौराहा सहित विभिन्न स्थानो पर खडे यातायात में बाधक हाथ ठेलो, फुटपाथी दुकानों, दुकानदारों की दुकानों के बाहर सड़क पर रखे सामान इत्यादि एवं अन्य अस्थाई अतिक्रमण को हटवाने की कार्यवाही की गई। इसके साथ ही सिंधिया स्टैच्यू, दीनदयाल नगर, शताब्दीपुरम रोड ग्वालियर के मुख्य मार्ग पर रखी गुमटियों, खडे हाथ ठेलों, रखे सामानों एवं अन्य अस्थाई अतिक्रमण को हटाने की कार्वाई की है।

# स्काउट गाइड की जलसेवा प्रारंभ

## जिलाध्यक्ष डॉ. विवेक राठी रहे मौजूद





-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-
मुरैना। भारत स्काउट गाइड जिला संघ मुरैना की शीतल जल सेवा सेवा का शुभारंभ जिला संघ मुरैना के जिला अध्यक्ष डॉ. विवेक राठी, जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह यादव एवं जिला कमिश्नर गाइड श्रीमती इंद्रावती यादव द्वारा किया गया। यहां बता दें कि भारत स्काउट गाइड जिला संघ मुरैना द्वारा सन् 1976 से लगातार हर वर्ष रेलवे स्टेशन मुरैना पर शीतल जल सेवा शिविर का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में इस वर्ष 22 मई 2024 को अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर इस शीतल जल सेवा शिविर का शुभारंभ किया गया। इसमें स्टेशन पर सभी यात्रियों को निःशुल्क ठंडा जल स्काउट गाइड सेवार्थियों द्वारा वितरित किया जावेगा। शुभारंभ के इस अवसर पर शीतल जल सेवा शिविर के संचालक एवं जिला कोषाध्यक्ष सीताराम गुर्जर, एलटी स्काउट जेपी कौशिक, जिला सचिव डॉ. राकेश कुमार शर्मा, एएलटी स्काउट मूलचंद गौड़, जिला प्रशिक्षण आयुक्त अतर सिंह राजपूत, स्काउटर लाखन सिंह गुर्जर एवं अन्य समाजसेवी उपस्थित रहे।

स्वामित्वधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे के लिए मै. अंजली पब्लिकेशन एबी रोड़ मथुरा से मुद्रित, एवं ए-44-फस्ट फ्लोर, अशोका इन्क्लेव, पार्ट-2 सेक्टर- 37 फरीदाबाद हरियाणा (NCR) से प्रकाशित,
आरएनआई नं. एचएआरएचआईएन /2009/ 28496 संपादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे। मो. 9958434103 सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा।